संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, गुरूवार, 22 फरवरी 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस के बीच दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 15 अंक: 52 पृष्ठ: 08

RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com

उत्तराखण्ड संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## बदले-बदले से दिखे राहुल गांधी: बनाई सख्त इमेज

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपनी न्याय यात्रा में अमेठी, रायबरेली से लेकर लखनऊ तक बदले-बदले नजर आए। उनमें कहीं भी पहले जैसा जज्बात नहीं दिखा। वे न मुस्कुराए और न ही राह चलते किसी को गले लगाया, बल्कि हर कदम पर जाति और जातीय समीकरण की बात की। उनकी यात्रा रायबरेली और लखनऊ में अल्पसंख्यक बहुल इलाकों से गुजरी, लेकिन उन पर ज्यादा बोलने के बजाय पूरी तरह से पिछड़े, दलितों एवं आदिवासियों पर फोकस किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने तेंदुआ गांव में सोमवार की रात विश्राम किया, उसके बाद सड़क मार्ग से वे सुल्तानपुर के लिए निकल गए। मंगलवार दोपहर वे फुरसतगंज हवाई अड्डे पर पहुंचे और दो घंटे वहीं रहे। दोपहर करीब 2.20 बजे बाहर निकले। नहर कोठी चौराहे पर पहुंचे, यहां खड़े एक बच्चे को पास बुलाकर उसे टॉफी दी और काफिला आगे बढ़ गया। फुरसतगंज बाजार, नागिन चौराहे पर खड़े लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। लेकिन हमेशा मुस्कुराते रहने वाले राहुल गांधी इस बार अति गंभीर नजर आए।

**युवाओं को समझाया जातियों का अंकगणित:** रायबरेली में अल्पसंख्यक बहुल इलाके से होते हुए राहुल ने सुपर मार्केट में सभा की। इस बीच एक युवक 69000 भर्ती से संबंधित पर्चे लिए दिखा। राहुल ने उसे बुलाया, नाम पूछा और फिर अमित मौर्य नाम का यह युवक ही उनके पूरे भाषण का केंद्र हो गया। उन्होंने उससे ओबीसी और एससी का मतलब पूछा। फिर युवाओं से मुखातिब होते हुए कहा कि मौर्य को न्याय क्यों नहीं मिल रहा है? वह सुबुकने लगा तो उसे गले लगाया और फिर कहा कि ओबीसी की आबादी 50 फीसदी से ज्यादा है। फिर भी न्याय क्यों नहीं मिल रहा है? इस पर विचार करो।

**पहली बार रायबरेली में सख्त दिखे राहुल:** सारस चौराहे पर खड़े विजय शंकर पांडेय कहते हैं कि राहुल गांधी में यह बड़ा बदलाव आया है। अभी तक वह सिर्फ विकास की बात करते थे। अपने पूर्वजों की ओर से अमेठी- रायबरेली में किए गए कार्यों को बढ़ाने की बात करते रहे हैं, लेकिन रायबरेली में पहली बार वह सख्त नजर आए हैं। अपनापन जताने के बजाय सीधे जातियों को जोड़ने का प्रयास करते नजर आए हैं।

कुछ ऐसी ही दुहाई जायस के रविंद्र भी देते हैं। रायबरेली-लखनऊ मार्ग पर कन्नावा, हरचंदपुर, बछरावां से लेकर लखनऊ में भी उन्होंने लोगों से संवाद करते वक्त उनकी जाति पूछी। पिछड़े और दलित वर्ग के युवाओं को उनकी जाति का अहसास कराते हुए पिछड़ेपन के लिए भाजपा सरकार को दोषी ठहराया और न्याय दिलाने के लिए जातीय जनगणना कराने का भरोसा दिया।

### आदर्श विचार



"शिक्षा और ज्ञान उसी को मिलता है जिसमें जिज्ञासा होती है।"
भागवद्

### मन की बात



"विश्व एक विशाल व्यायामशाला है जहाँ हम खुद को मजबूत बनाने के लिए आते हैं।"
स्वामी विवेकानंद




# किसानों का दिल्ली कूच दो दिन के लिए टला

### पंजाब के किसानों ने शंभू और खनौरी बॉर्डर से दिल्ली कूच करने का प्लान 2 दिन के लिए टाल दिया, किसान नेता पंधेर ने कहा कि अगले 2 दिन हम रणनीति बनाएंगे

**तनावपूर्ण**

> 8 शंभू बॉर्डर पर हाईड्रोलिक क्रेन, जेसीबी व बुलेटप्रूफ पोकलेन जैसी भारी मशीनरी लाई गई

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**केंद्र सरकार** के प्रस्ताव को मानने से इनकार के बाद किसान दिल्ली कूच पर आमादा हैं। इसके लिए शंभू बॉर्डर पर हाईड्रोलिक क्रेन, जेसीबी व बुलेटप्रूफ पोकलेन जैसी भारी मशीनरी लाई गई है। वहीं खनौरी बॉर्डर पर गोली लगने से दो किसानों की मौत की सूचना है।

**किसान नेता बोले मौत हुई है:** किसान नेता काका सिंह कोटड़ा ने बताया कि संगरूर के खनौरी बॉर्डर पर 23 साल के शुभकरण सिंह पुत्र चरणजीत सिंह गांव वलो जिला बठिंडा की मौत हो गई है। मृतक के शव को पटियाला के राजिंदरा अस्पताल में रखा गया है। वहीं पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने भी इस बारे में ट्वीट किया है।

**किसानों की मौत से हरियाणा पुलिस का इनकार:** दाता सिंह वाला-खनौरी बॉर्डर पर दो किसानों की मौत को हरियाणा पुलिस ने अफवाह करार दिया है। पुलिस का कहना है कि दो पुलिसकर्मी और एक प्रदर्शनकारी घायल हुआ है। वहीं जींद के पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार ने कहा कि फिलहाल किसी किसान की मौत नहीं हुई है। एक किसान गंभीर रूप से घायल बताया जा रहा है। किसानों ने धान की पराली में आग लगाकर और मिर्ची डालकर पुलिस पर हमला किया है। इसके अलावा काफी किसानों ने तलवार व गंडासों से भी पुलिस पर हमला किया है। अब तक लगभग 10 पुलिस गंभीर गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अभी तक की प्राप्त जानकारी के अनुसार आज किसानआंदोलन में किसी भी किसान की मृत्यु नहीं हुई है। यह मात्र एक अफवाह है। दाता सिंह-खनोरी बॉर्डर पर दो पुलिसकर्मियों तथा एक प्रदर्शनकारी के घायल होने की सूचना है जो उपचाराधीन है।





#### शंभू बॉर्डर तक पहुंचने के लिए किसानों को मिला रेड कॉरिडोर!

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर तक पहुंचे किसानों को लेकर दो प्रदेशों की पुलिस आमने-सामने है। रिपोर्ट के मुताबिक, शंभू बॉर्डर पर एकत्रित हुए किसानों के पास ऐसे तमाम संसाधन मौजूद हैं, जिनकी मदद से पुलिस का मुकाबला किया जा सकता है। किसानों ने एकाएक ये आंदोलन शुरू नहीं किया है।

इसके लिए पहले से ही कॉल की गई थी, उसके बावजूद किसानों को शंभू बॉर्डर तक पहुंचने से क्यों नहीं रोका गया। 20 फरवरी को जेसीबी और दूसरे भारी उपकरण भी किसानों के बीच पहुंच चुके हैं।

## बीजेपी उद्यमियों की सरकार: राकेश टिकैत

**टीम एक्शन इंडिया/मेरठ**

**पंजाब** में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में भाकियू टिकैत गुट ट्रैक्टर मार्च निकाल रहा है। विभिन्न जिलों में अलग-अलग रास्तों से किसान ट्रैक्टरों पर सवार होकर कलक्ट्रेट तक पहुंचे। मुजफ्फरनगर में ट्रैक्टरों पर सवार होकर किसान व कार्यकर्ता कलक्ट्रेट पहुंचे। यहां किसान धरने पर बैठे हैं। भारतीय किसान यूनियन के अध्यक्ष नरेश टिकैत किसानों के बीच पहुंचे तो वहीं प्रवक्ता राकेश टिकैत ट्रैक्टर मार्च में शामिल होकर मेरठ कलक्ट्रेट पहुंचे और यहां धरने पर बैठे गए। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि एमएसपी और किसानों की अन्य समस्याओं का समाधान करने में सरकार नाकाम रही है। भाकियू अध्यक्ष ने ट्रैक्टर मार्च के बीच बड़े किसान आंदोलन की ओर इशारा किया है।

## पूर्व एएसजी फली एस नरीमन का निधन



**टीम एक्शन इंडियानई दिल्ली**

**भारत** के पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल फली सैम नरीमन का बुधवार (21 फरवरी) की रात करीब 1 बजे दिल्ली में उनके घर पर निधन हो गया। वे 95 साल के थे। उन्हें दिल से जुड़ी बीमारियां थीं। फली नरीमन को 1991 में पद्म भूषण और साल 2007 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। वे 1991 से 2010 तक बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रहे थे। फली नरीमन ने बॉम्बे हाईकोर्ट में वकील के रूप में अपनी प्रैक्टिस शुरू की और बाद में दिल्ली चले गए। 1972 में उन्हें भारत का एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया। लेकिन 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आपातकाल घोषित करने के फैसले के विरोध में उन्होंने इस्तीफा दे दिया था।

# यूपी: सपा-कांग्रेस में हुआ गठबंधन

### अखिलेश-प्रियंका की बातचीत के बाद टूटा गतिरोध, 17 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

**यूपी में** इंडिया गठबंधन के घटक दल सपा-कांग्रेस के बीच गठबंधन तय हो चुका है। कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि गठबंधन में अहम भूमिका प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की रही। दोनों नेताओं के बीच फोन पर विस्तार से चर्चा हुई जिसके बाद गठबंधन को अंतिम रूप देने पर फैसला हुआ। दोनों दलों के बीच हुए निर्णय के मुताबिक, कांग्रेस 17 सीटों पर लड़ेगी। बाकी सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी उतारेगी। हाथरस सीट से सपा और सीतापुर सीट से कांग्रेस का उम्मीदवार लड़ेगा। अमेठी ओर रायबरेली सीट पर कांग्रेस ही चुनाव लड़ेगी। दोनों दलों के बीच सीटों को लेकर बना गतिरोध कल रात तक जारी रहा जिसके कारण सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव घोषणा करने के बावजूद रायबरेली में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं हुए। न्याय यात्रा मंगलवार को अमेठी, रायबरेली से होते हुए लखनऊ आई और बुधवार सुबह उन्नाव के लिए रवाना हो गई। लखनऊ में भी राहुल की यात्रा में सपा का कोई प्रतिनिधि शामिल नहीं हुआ। इससे यह मान लिया गया था कि यूपी में भी इंडिया गठबंधन टूट गया है।



**यूपी के लड़के**

> 8 बताया जा रहा है कि गठबंधन में अहम भूमिका प्रियंका गांधी और अखिलेश यादव की रही

## 'सीट शेयरिंग पर कांग्रेस से चर्चा आखिरी चरण में'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 10 फरवरी को पंजाब और चंडीगढ़ में कांग्रेस के साथ सीट शेयरिंग से इनकार किया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार (21 फरवरी) को कहा कि दिल्ली में लोकसभा चुनाव सीट शेयरिंग के लिए कांग्रेस से चर्चा चल रही है। हम चर्चा के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। जल्दी ही सीट शेयरिंग का ऐलान किया जाएगा। पंजाब में 10 फरवरी को अरविंद केजरीवाल ने एक रैली में कहा था कि राज्य में पार्टी अकेले चुनाव लड़ेगी। इस पर मंगलवार को केजरीवाल बोले- इस फैसले पर हम पुनर्विचार नहीं करने वाले हैं। हमने जीतने के लिए यह फैसला किया है। इसके अलावा केजरीवाल ने कहा कि अन्य राज्यों में भी गठबंधन को लेकर कई दौर की चर्चा हो चुकी है। जल्द ही अन्य राज्यों में भी गठबंधन का ऐलान किया जाएगा।

**सीट शेयरिंग**

> 8 हम चर्चा के अंतिम चरण में पहुंच गए हैं। जल्दी ही सीट शेयरिंग का ऐलान किया जाएगा: केजरीवाल

**संदीप पाठक बोले- कांग्रेस 1 सीट से ज्यादा की हकदार नहीं:** आप के महासचिव और राज्यसभा सांसद संदीप पाठक ने 14 फरवरी को कहा था कि हम कांग्रेस को दिल्ली में एक ही सीट देने पर विचार कर रहे हैं। कांग्रेस एक से ज्यादा सीट की हकदार नहीं है। लेकिन अगर सूत्रों की माने तो कांग्रेस-आप सीट-बंटवारे के लिए 4:3 फॉर्मूले पर चर्चा कर रही थी।

## इसरो को मानव अंतरिक्ष मिशन में एक और कामयाबी

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**

**इंडियन** स्पेस रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (इसरो) ने अपने सीई20 क्रायोजेनिक इंजन की ह्यूमन रेटिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। ये इंजन गगनयान मिशन का एक अहम कंपोनेंट है। ये इंजन गगनयान के लॉन्च व्हीकल के क्रायोजेनिक स्टेज को पावर करेगा। इसरो के एक अधिकारी के मुताबिक, ग्राउंड क्वालिफिकेशन टेस्ट का फाइनल राउंड 13 फरवरी 2024 को पूरा हो गया है।

**साधा निशाना** बकाया टैक्स से 65 करोड़ रुपए जब्त किए; पार्टी बोली- ये कार्रवाई लोकतंत्र के खिलाफ

## आईटी डिपार्टमेंट ने अकाउंट से पैसे निकाले: कांग्रेस

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**कांग्रेस ने बुधवार** (21 फरवरी) को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पर पार्टी के बैंक खातों से 65 करोड़ रुपए निकालने का आरोप लगाया है। पार्टी पर 115 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया था। कांग्रेस ने कहा कि टैक्स रिटर्न का मामला इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल में लंबित है। आईटी डिपार्टमेंट ने गैर लोकतांत्रिक तरीके से मंगलवार (20 फरवरी) को पैसे निकाले हैं। कांग्रेस ने इसको लेकर आईटी अपीलेट ट्रिब्यूनल में शिकायत की है। कांग्रेस ने मामले का निपटारा होने तक मामले में कोई कार्रवाई न करने की अपील की है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि अगर जांच एजेंसियों की कार्रवाई अनियंत्रित हो गई तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। कांग्रेस को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। इससे पहले 16 फरवरी को कांग्रेस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पर पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है। इसके कुछ घंटों बाद इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल ने कांग्रेस के फ्रीज खातों पर लगी रोक हटा दी थी। कांग्रेस ने ट्रिब्यूनल में एक याचिका भी लगाई थी, जिस पर सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तारीख तय की गई थी।



**आरोप**

> 8 आईटी डिपार्टमेंट ने गैर लोकतांत्रिक तरीके से मंगलवार (20 फरवरी) को पैसे निकाले हैं: माकन

**कांग्रेस ने कहा था- हमारे पास बिजली बिल भरने के पैसे नहीं:** अजय माकन ने 16 फरवरी को कहा था- हमें 14 फरवरी को जानकारी मिली कि बैंकों ने पार्टी के द्वारा जारी किए गए चेक रोक दिए हैं। वे हमारे चेक क्लियर नहीं कर रहे।




# शिक्षा के क्षेत्र में आज हमारी बेटियां सबसे आगेः राज्यपाल

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ऋषिकेश स्थित पंडित ललित मोहन शर्मा महाविद्यालय के चतुर्थ दीक्षांत समारोह का राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेनि) और कुलाधिपति गुरमीत सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर परिसर में नए बने ऑडिटोरियम स्वामी विवेकानंद प्रेक्षागृह का उद्घाटन भी किया।
इस दौरान चतुर्थ दीक्षांत समारोह में 19849 स्नातक स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। 69 छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक दिया गया। तीनों संकाय विज्ञान संकाय, कला संकाय, वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को श्री देव सुमन गोल्ड मेडल से भी सम्मानित किया गया। इस दौरान विद्यालय की स्मारिका का विमोचन भी किया गया।
बुधवार को ऋषिकेश पंडित ललित मोहन शर्मा महाविद्यालय में समारोह के मुख्य



अतिथि राज्यपाल ले. जनरल (सेनि) गुरमीत सिंह ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आज हमारी बेटियां सबसे आगे निकल गई हैं, जिन्होंने हर क्षेत्र में अपना स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आज क्रांति भी हमारी बेटियां ही लाएगीं। दिल की कामयाबी से आज काफी हर्ष हो रहा है। इस डिग्री को प्राप्त करने के बाद

**दीक्षांत समारोह**

**8 समारोह में 19849 स्नातक स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं को डिग्री के साथ, 69 छात्र-छात्राओं को दिए गए स्वर्ण पदक**

माता-पिता के साथ गुरुजन और दोस्त काफी खुश नजर आ रहे हैं। हमारी सभ्यता और संस्कृति आदिकाल से चली आ रही है, जिसे बनाए रखना प्रत्येक छात्र का कर्तव्य है।
राज्यपाल ने कहा कि जो ज्ञान आज आपने प्राप्त किया है, उसका लाभ हमारे अंतिम गांव तक रहने वाले व्यक्ति को मिलना चाहिए। इसे देखते हुए अपने अंदर देश प्रेम की भावना को जागना होगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में नई शिक्षा नीति के अंतर्गत काफी बदलाव भी हुआ है। इसके अंतर्गत नवाचार शिक्षा को भी ग्रहण करना अत्यंत आवश्यक है, जो सर्वश्रेष्ठ राष्ट्र की ओर ले जाएगा। तभी भारत विश्व गुरु का स्थान प्राप्त कर सकता है।उन्होंने श्री देव सुमन को याद करते हुए उनके जीवन कथा को भी प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि हमारी यूनिवर्सिटी सबसे बड़ी यूनिवर्सिटी है, जो ज्ञान की सफलता के साथ राष्ट्र निर्माण भी कर रही है। उनका कहना था कि इस यूनिवर्सिटी ने हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल की है। यह ऋषि मुनियों की भूमि है, जोकि आध्यात्मिकता के साथ योग और शिक्षा के क्षेत्र में भी आगे बढ़ रही है। इसलिए इसे देवभूमि कहते हैं।
उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि हम विश्वविद्यालय के सभी कैंपस के लिए पहली बार भारत सरकार ने दिल खोलकर शिक्षा के लिए बजट दिया है। माध्यमिक शिक्षा के लिए 100 करोड़ रुपये जबकि उच्च शिक्षा के लिए अब तक 120 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। उच्च शिक्षा के लिए अभी 200 से 300 करोड़ रुपये और मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि सरकार ने छात्रों के प्रोत्साहन तथा शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने के लिए भी योजनाएं शुरू की है। उन्होंने कहा कि सरकार नेट का गेट पाने वाले महाविद्यालय को 25 लाख से ढाई लाख रुपये तक का पारितोषिक प्रदान कर रही है।
उन्होंने बताया कि रिसर्च के लिए प्रत्येक छात्र को ?5000 मासिक दिया जाएगा 70 फीसद से अधिक अंक पाने वाले छात्रों को तीन से ?5000 तक मासिक भत्ता दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा के स्तर को गुणवत्ता प्रदान करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उन्होंने कहा कि इस सत्र में छात्रों को सत प्रतिशत पुस्तक उपलब्ध कराई जाएगी महाविद्यालय में फर्नीचर बिल्डिंग की लर्निंग कंप्यूटर आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं प्रदान की जाएंगी।
श्री देव सुमन विश्वविद्यालय के कुलपति एनके जोशी ने बताया कि ऋषिकेश पंडित ललित मोहन शर्मा श्री देव सुमन स्नातकोत्तर के तीन विषय इतिहास, मानव विज्ञान, चित्रकला में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कैप्टन शूरवीर सिंह पंवार गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश में नव-निर्मित विवेकानंद हॉल का उद्घाटन कुलाधिपति एवं अतिथियों के द्वारा किया गया, जिसका निर्माण कार्य 6 माह में पूर्ण किया गया। इसी हॉल में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।
विश्वविद्यालय परिसर ऋषिकेश एवं विश्वविद्यालय मुख्यालय में ढांचागत सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत ऋषिकेश परिसर में एकेडमिक ब्लॉक, परीक्षा हॉल, टाइप 5 की बिल्डिंग, गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य प्रगति पर है।

## पुलिस ने रैट्रो, साइलेन्सर लगे वाहनों के विरुद्ध चलाया अभियान

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कोतवाली रानीपुर पुलिस ने एसएसपर के निर्देश पर रैट्रो, मोडीफाइड साइलेन्सर लगे वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया।इस अभियान के दौरान चेकिंग पुलिस टीम ने चौकी गैस प्लान्ट क्षेत्र से एक बुलेट चालक कपिल कुमार पुत्र धनीराम निवासी साल्हापुर थाना नकुड़ जिला सहारनपुर उ.प्र. को मोडीफाइड साइलेन्सर के प्रयोग करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत बुलेट संख्या यूके 08 एडब्ल्यू 1695 को सीज किया। इसके अतिरिक्त पुलिस टीम ने लोगो को रैट्रो, मोडीफाइड साइलेन्सर का प्रयोग न करने के सम्बन्ध में भी जागरूक किया।

## त्रिदिवसीय शैक्षिक भ्रमण के लिए गुरुकुल के छात्रों की टीम रवाना

**शैक्षिक भ्रमण**

**8 प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण अध्ययनकाल की सबसे बड़ी पूंजी होती है।**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुकुल कांगड़ी सम विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा एवं खेल विभाग के एमपीएड पाठयक्रम अंतिम सेमेस्टर के प्रशिक्षु छात्रों का 21 से 23 फरवरी तक त्रिदिवसीय शैक्षिक भ्रमण राष्ट्रीय खेल संस्थान-पटियाला, पंजाबी विश्वविद्यालय-पटियाला, पीजी कॉलेज-पंचकूला, पंजाब विश्वविद्यालय-चण्डीगढ़, पिंजौर गॉर्डन, रॉक गॉर्डन आदि



स्थलों पर भ्रमण करते हुए अपने शैक्षिक भ्रमण के प्रोजेक्ट तैयार करेंगे। विश्वविद्यालय कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार तथा संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने शैक्षिक भ्रमण के सम्मिलित प्रशिक्षुओं के 13 सदस्यीय दल को हरी झंडी दिखाकर परिसर से रवाना किया। प्रशिक्षुओं छात्रों के दल से प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि शैक्षिक भ्रमण अध्ययनकाल की सबसे बड़ी पूंजी होती है। यह मित्रता के सम्बंध को प्रगाढ़ बनाने का सबसे प्रभावी एवं सशक्त माध्यम है। जीवन के खटे-मिठे अनुभव एवं उम्र के एक पड़ाव में यह पुरानी स्मृति को तरोताजा रखकर जीवन को उत्साहित बनाते है। संकायाध्यक्ष प्रो. सुरेन्द्र कुमार ने भी प्रशिक्षुओं को भ्रमण की सफलता की बधाई दी।
प्रशिक्षु दल के समन्वयक डॉ. शिवकुमार चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद, नई दिल्ली द्वारा सम्बद्ध संस्थानों में शैक्षिक भ्रमण को पाठयक्रम का आवश्यक हिस्सा बनाकर इसे मूल्यांकन प्रक्रिया के साथ जोड़ दिया है। शैक्षिक भ्रमण के द्वारा प्रशिक्षुओं को व्यक्तित्व विकास के साथ तकनीकी जानकारी एवं सम्बंधित संस्थानों की गतिविधियों की जानकारी मिलती है। उसका उपयोग भविष्य की योजनाओं को तैयार करके करियर में ऊंचाइयां प्राप्त करने के अवसर पैदा करते हैं।
भ्रमण की संक्षिप्त रूपरेखा में समन्वयक डॉ. चौहान ने बताया कि भ्रमण अवधि में प्रशिक्षु छात्र पंचकूला के आयोजित अन्तरराष्ट्रीय कान्फ्रेंस में भी शारीरिक शिक्षा के विद्वानों से विषय चर्चा करेंगे। वही अपने पोस्टर भी प्रस्तुत कोंगे। पंजाब विश्वविद्यालय-चण्डीगढ़ परिसर की खेल सुविधाओं एवं लैब आदि का भी भ्रमण किया जायेगा। प्रकृति के रमणीय स्थल पिंजौर गॉर्डन, लेख झील, रॉक गॉर्डन तथा मोहाली स्टेडियम आदि स्थलों का भ्रमण करते हुए अपनी विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर मूल्यांकन हेतु प्रस्तुत करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### धामी मंत्रिमंडल की बैठक शुरू

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को पंचम तल-वीरचन्द्र सिंह गढ़वाली सभागार, सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक शुरू हो गई है।
बैठक में मंत्री सौरभ बहुगुणा और मंत्री गणेश जोशी उपस्थित नहीं है। मंत्रिमंडल में आज कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लग सकती है। बजट सत्र आहूत होने के चलते मंत्रिमंडल की ब्रीफिंग नहीं की जाएगी।

### गैरसैंण में कांग्रेस आयोजित करेगी प्रतीकात्मक विधानसभा सत्र

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 27 फरवरी को राज्य की प्रस्तावित राजधानी गैरसैंण में प्रतीकात्मक विधानसभा आयोजित करने का निर्णय लिया है।
इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा ने 27 फरवरी को राज्य की प्रस्तावित राजधानी गैरसैंण में प्रतीकात्मक विधानसभा आयोजित करने की घोषणा करते हुए कहा कि राज्य आन्दोलनकारियों एवं राज्य निर्माण में शहीद हुए आन्दोलनकारियों की गैरसैंण को राजधानी घोषित करने की प्रमुख मांग थी। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने आन्दोलनकारियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए गैरसैंण में विधानसभा भवन एवं अन्य ढांचे का निर्माण करते हुए विधानसभा का सत्र भी आयोजित किया गया था लेकिन भाजपा सरकार ने आन्दोलन की भावना को कुचलते हुए इस परिपाटी का लगभग समाप्त कर दिया है।
प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष माहरा के आह्वान पर 27 फरवरी को गैरसैंण में आयोजित प्रतीकात्मक विधानसभा में राज्यहित एवं जनहित से जुडे मुद्दों के साथ-साथ भू-कानून, अंकिता भण्डारी हत्याकांड, राज्य में बढ़ती बेरोजगारी, महिला अपराध, बिगडती कानून व्यवस्था, चरमराती स्वास्थ्य सेवायें, भर्ती घोटाले, अग्निवीर योजना, जोशीमठ आपदा, रैणी आपदा, सिलक्यारा टनल दुर्घटना व सरकारी विभागों में बढ़ते भारी भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर जनता का सदन लगाकर चर्चा की जायेगी।

### मांगों का निस्तारण न होने पर कर्मचारी करेंगे आंदोलन

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएं उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेडा ने कर्मचारियों की मांगों के निस्तारण न होने को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखकर कर्मचारियों की मांगों के निस्तारण की मांग की। निस्तारण न होने की दशा में कर्मचारी आंदोलन करने के लिये बाध्य होंगे।

## ब्रह्मलीन भगवान गिरी आश्रम में हुआ स्व. किशोरी लाल की स्मृति में भगवत गीता पाठ और षोडशी भंडारा



**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
ब्रह्मलीन भगवान गिरी के भक्त स्वर्गीय किशोरी लाल की स्मृति में आयोजित भगवत गीता , विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, हवन आदि के पश्चात षोडशी भंडारा का आयोजन किया गया।
मायाकुंड आश्रम में स्थित भगवान गिरी आश्रम में भगवान गिरी आश्रम के पीठाधीश्वर बाबा भूपेंद्र गिरी के संचालन में भक्त स्वर्गीय किशोरी लाल की स्मृति में षोडसी भंडारा एवं भगवत गीता पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, हवन आदि का आयोजन किया गया, जिसमें सभी उपस्थित संतों ने पूर्ण आहुति दी।
इस अवसर पर बाबा भूपेंद्र गिरी ने उपस्थिति को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु और शिष्य के बीच का संबंध अटूट होता है दोनों एक दूसरे के पूरक है क्योंकि गुरु ही शिष्य को सद्मार्ग पर चलने का मार्ग प्रशस्त करता है, गुरु के बिना शिष्य अधूरा रहता है इसलिए कहा है गुरु के बिना ज्ञान नहीं मिल पाता गुरु शिष्य को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है।

**आहुति**

**8 गीता पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, हवन का आयोजन, जिसमें सभी संतों ने पूर्ण आहुति दी।**

गौरतलब है कि पंजाब के किशोरी लाल भक्त ने ब्रह्मलीन भगवान गिरी महाराज जी की 22 वर्ष तक सेवा करते हुए उनके ब्रह्मलीन होने के पश्चात उनकी समाधि की भी 22 वर्ष तक लगातार सेवा की थी। भागवत गीता पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम पाठ, हवन में प्रमुख रूप से भगवान गिरी आश्रम के महंत भूपेंद्र गिरी महाराज,गुजराती आश्रम के राघवेंद्रनंद महाराज के साथ आए सभी संतगण, गोपाल गिरि महाराज, परीक्षित गिरि , कबीर चौरा आश्रम के मंहत कपिल मुनि, एवम भक्त गणों में मनोहर लाल, विक्रम सिंह, जगमोहन, गोवर्धन लाल, समेत पंजाब, बरेली से आए हुए काफी संख्या में भक्त गण मौजूद थे।

## काशीपुर में विजिलेंस ने पटवारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते पकड़ा

उधम सिंह नगर(काशीपुर)
तहसील में आज विजिलेंस ने एक पटवारी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा है। पटवारी ने आय प्रमाण पत्र के एवज में सात हजार रुपये की रिश्वत की मांग की थी। विजिलेंस के छापे के बाद तहसील में मौजूद वकीलों ने हंगामा करते हुए पटवारी को निर्दोष बताया। काफी देर तक पुलिस और वकीलों के बीच बहस चलती रही और विजिलेंस बंद कमरे में अपनी कार्रवाई करती रही।
बरखेड़ा गांव निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत की थी कि काशीपुर तहसील में आय प्रमाण पत्र के लिए सात हजार की रिश्वत लेते पटवारी धर्मेंद्र ने मांगी थी।

## घर में घुसकर मारपीट और पथराव के मामले में 17 के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कलियर थाना क्षेत्र की नगर पंचायत के महमदपुर में दो पक्षों में हुए विवाद में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर दो महिला समेत 17 लोगों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज, छेड़छाड़, अभद्रता और धारदार हथियार से हमला करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पिरान कलियर के महमूदपुर में मंगलवार को दो पक्षों में विवाद हो गया था, जिसमें पथराव हो गया था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कर घायलों को अस्पताल भेज दिया था। शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया था।
एक पक्ष के तनवीर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपित लाठी डंडे, लोहे की रॉड और धारदार हथियार लेकर उसके घर में घुस गए ओर जमकर तोड़फोड़ की विरोध करने पर महिलाओं के साथ गाली गलौज, अभद्रता, छेड़छाड़ की व उनके ऊपर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। इसमें उसके परिवार के लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पीड़ित ने पुलिस से आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष दिलबर सिंह नेगी ने बताया तहरीर पर फरहत, वहदत, दानिश, रोशन, आरिफ, निसबत, रौनक, आसिफ, वासिफ, फजील, निशाद, सिफत, सलामत, किफायत, नजमा, सितारा के खिलाफ बलवा, गाली गलौज कर अभद्रता, छेड़छाड़ और घर में घुसकर जानलेवा हमला करने समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।
पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया है।

## ऊंची चोटियों पर होगी बर्फबारी, कंपकपाएगी झोंकेदार हवाएं

**येलो अलर्ट**

**8 - बारिश, बर्फबारी सहित ओलावृष्टि एवं तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में 21 से 23 फरवरी तक पहाड़ों पर बर्फबारी का क्रम जारी रह सकता है। निचले इलाकों में गरज-चमक के साथ ओलावृष्टि का येलो अलर्ट जारी किया गया है। पूरे प्रदेश में पिछले दो दिनों से बादल छाए हुए हैं। हालांकि दोपहर में धूप भी निकल रहे हैं, लेकिन सुबह-शाम कड़ाके की ठंड हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन मौसम का मिजाज




बदला रहेगा। ऊंची चोटियों पर बर्फबारी हो सकती है।
मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में मौसम का मिजाज 23 फरवरी तक बदला रहेगा। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, चमोली, पिथौरागढ़, बागेश्वर समेत अन्य जिलों में कहीं-कहीं गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमक सकती है। ओलावृष्टि एवं झोंकेदार हवाएं चलने की अधिक संभावनाएं हैं।
उत्तराखंड में दो दिन बारिश, बर्फबारी सहित ओलावृष्टि एवं तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया गया है।
मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि 21 एवं 22 फरवरी को राज्य के 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश एवं बर्फबारी होने की संभावना है। देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल, चंपावत, हरिद्वार और यूएस नगर जिलों में कहीं कहीं गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमक सकती है। ओलावृष्टि एवं झोंकेदार हवाएं चलने की अधिक संभावनाएं हैं। 23 फरवरी को पहाड़ के 3000 मीटर ऊंचाई वाले इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है।

## कांग्रेस महिला अध्यक्ष कल दून में,नारी न्याय सम्मेलन को करेंगी संबोधित

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा लगातार जारी है। इसी क्रम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा 22 फरवरी (गुरुवार) को देहरादून दौरे पर आ रही हैं। इस दौरान वो नारी न्याय सम्मेलन के साथ विभिन्न बैठकों में शामिल होकर महिलाओं में उत्साह भरने का काम करेंगी।
प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने बताया कि संगठन महिलाओं के लिए आर्थिक, सामाजिक न्याय की मांग को लेकर देशव्यापी के तहत प्रदेश 22 फरवरी को देहरादून में प्रदेश स्तरीय न्याय सम्मेलन आयोजित



किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा प्रतिभाग करेंगी। इसी दिन आयोजित प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक भी शामिल होंगी।
उन्होंने बताया कि 22 फरवरी को महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष

**दौरा**

**8 आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उत्तराखंड में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेताओं का दौरा लगातार जारी है।**

लांबा देहरादून में सुबह आएंगी। इसके बाद सुबह 11 बजे पत्रकारों से बातचीत करेंगी। फिर दोपहर 12 बजे से 03 बजे तक नारी न्याय सम्मेलन में प्रतिभाग करेंगी। इसके बाद प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में जिलाध्यक्ष, ब्लाक अध्यक्ष के साथ करीब 02 घंटे संवाद करेंगी। फिर उसी दिन शाम को देहरादून से रवाना होंगी।
उन्होंने कहा कि नारी न्याय सम्मेलन में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार और अपराध को लेकर बातचीत की जाएगी। कांग्रेस महिला इसको लेकर सरकार से सवाल पूछने का काम किया जाएगा।
इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 28 जनवरी को देहरादून में विराट कार्यकर्ता सम्मेलन में सभी पंचों सीटों पर जीत दर्ज करने के लिए चुनाव का बिगुल फूंक कर कार्यकताओं में उत्साह भरा था। फरवरी माह में कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सैलजा अपने दो दिवसीय दौरे में एक के बाद एक बैठकों से एकजुट होने का संदेश देने का काम किया। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों, विधायकों के अलावा अन्य विंग के साथ अलग-अलग मैराथन बैठक कर जीत के लिए फीड बैक लेते हुए राय शुमारी की। अब महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष लांबा के दौरे को मातृशक्ति में पार्टी की अधिक से अधिक पैठ बनाने से जोड़कर देखा जा रहा है। भाजपा ने पहले से ही मातृशक्ति में अपनी मजबूत पैठ बनाई हुई है। राज्य के पांचों लोकसभा सीट पर भाजपा दो बार से लगातार जीत दर्ज करती आ रही है। अब कांग्रेस का पूरा फोकस इस जीत के सिलसिला को रोकने को लेकर है। हालांकि कांग्रेस की आपसी गुटबाजी भी बड़ी चुनौती है।

## कार दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चमोली जिले के थराली विकास खंड के कुलसारी-जबरकोट मोटर मार्ग पर एक कार के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कार में सवार चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है। घटना की सूचना मिलने पर थाना थराली से पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग भेज दिया है।थाना प्रभारी थराली देवेंद्र पंत ने बताया कि बुधवार की सुबह दूरभाष से सूचना मिली की कुलसारी-जबरकोट मोटर मार्ग पर एक कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई है।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| Tender No. Date | 296-DRM-MB-23-24 dt. 20.02.2024 |
| Name of work | Heavy Repair/improvement of existing washing lines of MB depot. |
| Tender Closing Date / Time | 14.03.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | Rs. 71,05,966.09 |
| Earnest Money (Rs.) | Rs. 1,42,100.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 |
| Bidding Start Date | 29.02.2024 |
| Period of Completion | 04 Months |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 20.02.2024 549/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी सूचना
सं. V-20/WVM/MB-DIV/22C दिनांक : 20.02.2024
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा मुरादाबाद मंडल के अन्तर्गत आने वाले रेलवे स्टेशनों पर स्टैंड अलोन आधार पर वाटर वेंडिंग मशीन की स्थापना और संचालन के लिए ई-नीलामी 08.03.2024 को आमंत्रित की जाती है। इस निविदा से संबंधित जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। सभी नियम और शर्तें उसमें निर्धारित हैं।
548/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/समन्वय द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा की धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या | 283-DRM-MB-23-24, dt. 06.02.2024 |
| कार्य का नाम | Pre and post attention work for deep screening by BCM, Manual deep screening of turn out and plain track, Pre & post attention work during T/out tamping with machine & other allied work in MB-GZB section & RAC-BE section under DEN/Track/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 14.03.2024 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16.00 hrs. |
| अनुमानित लागत | रु. 1,09,84,010.40 |
| धरोहर राशि | रु. 2,49,900.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 29.02.2024 |

सं.: 75/W/2/3/WA/DEN/Track/T. Notice दिनांक: 19.02.2024 542/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# देश-दुनिया में होगी उत्तराखंड भाषा संस्थान की अलग पहचान : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

**भाषा-बोली**

8 भाषा संस्थान विद्वानों से चर्चा कर भाषा-बोली व संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन एवं विकास के लिए प्रयासरत है।




**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बोली-भाषा, संस्कृति, संस्कार का सम्मान न करने वाले अपनी पहचान खो देते हैं। बोली-भाषा और संस्कृति की शुरूआत खुद के साथ घर से ही करना होगी, ताकि भावी पीढ़ी भी इसे जान सके और अपना सके। घरों में अपनी भाषा में बोलना चाहिए। आम बोलियों का भी प्रयोग किया जाना चाहिए। भाषा संस्थान विद्वानों से चर्चा कर भाषा-बोली व संस्कृति के संरक्षण-संवर्धन एवं विकास के लिए प्रयासरत है। भाषा संस्थान उत्तराखंड को नई पहचान दिलाएगा और भाषा संस्थान की पहचान देश ही नहीं, पूरी दुनिया में होगी।मुख्यमंत्री धामी उत्तराखंड भाषा संस्थान देहरादून की ओर से सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में बुधवार को आयोजित उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान-2023 समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार भाषा संस्थान के जरिए हिंदी, पंजाबी, उर्दू व लोकभाषा को एक छत के नीचे ले आई है और भाषा संस्थान के विकास के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने साहित्यकारों, भाषा विदों और शोधकताओं से भाषा संस्थान के लिए योगदान मांगा।

**साहित्य व बोली-भाषाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका भाषा संस्थान-**
भाषा संस्थान साहित्य व बोली-भाषाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे प्रदेश में स्थानीय भाषाओं के साथ बोली और साहित्य को प्रोत्साहन मिलेगा। उत्तराखंड की पहचान आज ऐसे राज्य के रूप में है, जहां भाषा और साहित्य की सेवा करने वाली अनेक विभूतियों ने जन्म लिया है। इन्होंने धरती से आसमान को छूने का काम किया है। उत्तराखंड साहित्य के साथ हिंदी को भी समृद्ध किया है। इसको पहचान देने में योगदान दिया है।

**देश को दिशा देने का काम करेगा समान नागरिक संहिता-**
समान नागरिक संहिता पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह किसी के खिलाफ नहीं है। जाति-धर्म, समुदाय सबको समान अधिकार देगा। इसमें महिला सशक्तिकरण, बुजुर्गों की सुरक्षा के साथ बच्चों के भविष्य की चिंता भी है। जैसे मां गंगा यहां से निकलती हैं और पूरे देश को अभिसिंचित करती हैं। उसी प्रकार समान नागरिक संहिता भी उत्तराखंड से निकला है। यह भी पूरे देश को दिशा देने का काम करेगा।

मॉडल की ओर बढ़ रहा उत्तराखंड-
उत्तराखंड मॉडल की ओर बढ़ रहा है। देश-दुनिया में उत्तराखंड की अलग पहचान है। उत्तराखंड के लोग दुनिया में किसी भी स्थान पर रह रहे हैं, लेकिन उन्होंने अपनी संस्कृति को नहीं भूला है। उत्तराखंड आगे बढ़ता है तो सात समंदर पार रहने वाले भी खुश होते हैं और गर्व महसूस करते हैं। उत्तराखंड की टोपी की तो दुबई तक पहचान है। इस प्रकार राज्य को हर क्षेत्र में पहचान मिल रही है। ज्ञान-विज्ञान के साथ अन्य चीजों में भी उत्तराखंड आगे बढ़ेगा।

## अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर 10 साहित्यकार पुरस्कार से हुए अलंकृत

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड भाषा संस्थान देहरादून की ओर से सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान-2023 समारोह का आयोजन किया गया। इसमें छह साहित्यकार उत्तराखंड दीर्घकालीन उत्कृष्ट साहित्य सृजन पुरस्कार व तीन साहित्यकार उत्तराखंड मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार तो एक साहित्यकार साहित्यिक पत्र-पत्रिका लेखन पुरस्कार से अलंकृत हुए। संस्थान की पत्रिका केदार मानस का विमोचन भी किया गया, जिसका संपादन पूर्व कुलपति प्रो. सुधा पांडेय ने किया है।

**इन साहित्यकारों को मिला पुरस्कार-**
हिन्दी साहित्य में दीर्घकालीन साहित्य सेवा के लिए प्रो. लक्ष्मण सिंह बिष्ट ह्यबटरोहीह्ल को सुमित्रा नंदन पंत पुरस्कार, कुमाऊंनी लोक साहित्य में देवकीनंदन ह्यमयंकह्ल को गुमानी पंत पुरस्कार, गढ़वाली लोक साहित्य में गिरीश सुंदरियाल को भजन सिंह ह्यसिंहह्ल पुरस्कार, अन्य बोली व उप बोली साहित्य में डॉ. सुरेश ममगांई को गोविंद चातक पुरस्कार, उर्दू साहित्य में केए खान उर्फ नदीम बरनी को प्रो. उन्वान चिश्ती पुरस्कार, पंजाबी साहित्य में प्रेम साहिल को अध्यापक पूर्ण सिंह पुरस्कार, महाकाव्य-खंड काव्य-काव्य रचना में प्रो. शैलेश, को महादेव वर्मा पुरस्कार, कथा साहित्य में डॉ. सुशील उपाध्याय को शैलेश मटियानी पुरस्कार, अन्य गद्य विधा में डॉ. ललित मोहन पंत को डॉ. पीतांबर दत्त बडथ्वाल पुरस्कार, साहित्य की मासिक-द्वैमासिक-त्रैमासिक पत्रिकाओं पर गणेश खुगशाल को भैरव दत्त धूलिया पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्य सचिव इंदू पांडेय, स्वाति भदोरिया आदि थे। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि साहित्य की रचना केवल विचारों पर आधारित नहीं होती, उसमें देवत्व भी मिला होता है।

## हिन्दूवादी संगठनों ने बनभूलपुरा की घटना पर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**सात सूत्री मांग**

8 ज्ञापन में सात सूत्री मांग में कहा है कि सभी प्रमुख आरोपितों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के बनभूलपुरा की घटना समेत कई घटनाओं को लेकर बुधवार को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर हिन्दूवादी संगठनों ने ज्ञापन दिया। बजरंग दल के नेता विकास वर्मा भगवा के नेतृत्व में भारी संख्या में हिन्दूवादी संगठनों के लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में देवभूमि में बढ़ रही अराजक गतिविधियों पर चर्चा की गई है।
ज्ञापन में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के आदेश पर अवैध मदरसे को हटाने गई पुलिस व प्रशासन की टीम पर जिहादी भीड़ द्वारा पूर्व तैयारी कर सांप्रदायिक हमला किया गया। पुलिस थाने को आग लगा दी गई, गाड़ियां जला दी गई पुलिस को बुरी तरह पीटा गया। पुलिस जवानों को जिंदा जलाने का प्रयास किया गया। महिला कर्मचारियों के कपड़े (वर्दी ) फाड़ी गई। पत्रकारों को मारा गया। नगर निगम कर्मचारियों को पीटा गया और अन्य हिन्दू समाज पर भी पथराव किया गया। इस घटना से पुलिस के जवानों,पत्रकारों, कर्मचारियों व पूरे उत्तराखंड के आमजन का मनोबल घटा है। आम लोगों को अपने घरों और अपने बच्चों के भविष्य को लेकर भय बना हुआ है। लोगों को उत्तराखंड कश्मीर बनता दिखाई दे रहा है।
ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि इससे पहले भी देव भूमि उत्तराखंड में अनेक घटनाएं हो चुकी हैं। देश की सबसे बड़ी कावड़ यात्रा पर विकास नगर में एक ही दिन में अनेक बार पत्थरों से हमला किया गया। धर्मांतरण की कई घटनाएं हो रही हैं।
नाबालिग लड़कियों के बलात्कार कर देह व्यापार में धकेलने और अपहरण की घटनाएं, पौड़ी लव जिहाद की घटनाएं, गौ हत्याएं कर अवशेषों को सार्वजनिक स्थान-धार्मिक स्थान पर फेंकने की घटनाएं, उत्तराखंड के कई जिलों में हिंदू संगठन के कार्यकताओं की निर्मम हत्याएं, ये घटनाएं उत्तराखंड के लिए चुनौती बनकर खड़ी हुई हैं।
हिन्दूवादी संगठनों ने ज्ञापन में सात सूत्री मांग में कहा है कि सभी प्रमुख आरोपितों पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो। सभी की तत्काल गिरफ्तारी हो। सभी आरोपितों के अवैध भूमि पर बने घर तोड़े जाएं। अवैध घोषित बस्ती में दिए गए शस्त्र लाइसेंस तुरंत निरस्त हों। उत्तराखंड के सभी संवेदनशील जिलों में खुफिया विभाग, ऐसे जिहादी, आतंकवादी विचारधारा के लोगों पर प्रभावी कार्रवाई करे। संवेदनशील क्षेत्रों में सांप्रदायिक घटनाओं, गो हत्या, लव जिहाद, लैंड जिहाद, लैड जिहाद, सड़क पर नवाज पड़ने पर कार्रवाई करें। अगर भविष्य में ऐसी घटनाएं हों तो तुरंत दंगाई भीड़ पर गोली चलाने के आदेश दिए जाएं।
ज्ञापन देने वालों में विकास वर्मा प्रांत मिलन प्रमुख, जिला अध्यक्ष नवीन गुप्ता आलोक सिन्हा, श्याम शर्मा, प्रेम सेठी, संजीव बालियान, सौरभ गौतम,हरीश कोहली, अमन स्वेडिया , भूपेन्द्र चौधरी, अभिषेक भार्गव,होशियार सिंह ,यशविंदर चौधरी, सिद्धांत बडोनी, राशिराम वर्मा, सचिन, सुमित गुप्ता, चन्दन नेगी, राधे गुप्ता, सोनू गुप्ता आदि शामिल थे।

## चंपावत के लिए हेली सेवा का शुभारंभ करेंगे मुख्यमंत्री

**चम्पावत/टीम एक्शन इंडिया**
हल्द्वानी के गौला पार स्थित हेलीपैड से चम्पावत में सर्किट हाउस के समीप स्थित हेलीपैड के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ कल 22 फरवरी को होगा।
जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी हेरिटेज एविएशन द्वारा रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आर.सी.एम) के अंतर्गत चम्पावत के लिए हेलीकॉप्टर सेवा का 22 फरवरी को पूर्वाह्न 10:30 बजे कैंप कार्यालय देहरादून से वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही उन्होंने सभी संबंधितों को समय से पूर्व सभी प्रकार की त्रुटि रहित कार्यवाही पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## तम्बाकू उत्पादों के नियंत्रण पर कार्यशाला आयोजित

**विचार-विमर्श**

8 विभिन्न विभागों के सहयोग से राज्य में तम्बाकू नियंत्रण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया।



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड के अन्तर्गत संचालित राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) के एक दिवसीय कार्यक्रम वर्कशॉप फार ओरिएंटेशन ऑफ स्टाकहोल्डर्स की कार्यशाला का आयोजन डीएचएएसएफसीबल्यूटीसी चन्दरनगर, देहरादून में किया गया। कार्यशाला में सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद एक्ट (कोटपा) 2003 के रोकथाम के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों के सहयोग से राज्य में तम्बाकू नियंत्रण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श किया गया।
इस आयोजन में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों पर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. आदित्य सिंह, राज्य नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) द्वारा की गई। साथ ही राज्य नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) द्वारा विभिन्न विभागों से आये प्रतिनिधियों से राज्य में कोटपा 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सहयोग प्रदान करने के लिए दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। कार्यशाला में विवेक सिंह कुटियाल सीओ क्राइम पुलिस विभाग, नीरज चौधरी निरीक्षक एसटीएफ पुलिस विभाग, गणेश चन्द्र कण्डवाल डिप्टी कमिश्नर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग, डा. निधि रावत अपर मुख्य चिकित्साधिकारी देहरादून, डा. रमेश कुंवर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पौड़ी गढ़वाल, डा. पंकज जैन अपर मुख्य चिकित्साधिकारी हरिद्वार, डा. जेएस नेगी, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, पंचायती राज विभाग, द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## सात अपहरणकर्ता गिरफ्तार, बालक बरामद

**देहरादून/ टिहरी /टीम एक्शन इंडिया**
अपहरणकताओं के मंसूबों को नाकामयाब करते हुए पुलिस ने मात्र कुछ घंटों के भीतर ही सात अपहरणकताओं के गिरफ्तार कर बालक को सकुशल बरामद कर लिया। आरोपितों के कब्जे से पुलिस ने अपहरण में प्रयुक्त कार भी बरामद की गयी है। मामला देवप्रयाग थाना क्षेत्र का है।
पुलिस के अनुसार बीती 19 फरवरी को मनीष चौधरी पुत्र दीवान सिंह निवासी हाल महादेव सर्विस सेन्टर पेट्रोल पम्प देवप्रयाग ने थाने में दी शिकायत में बताया कि मेरा साला 18 वर्षीय रवि कुमार पुत्र संजय कुमार निवासी गोविन्दपुरम



पेट्रोलपम्प देवप्रयाग को पेट्रोलपम्प देवप्रयाग से एक आर्टिगा कार से समय करीब 6.30 बजे सायं सौरभ चौहान सहित सात व्यक्तियों ने उसे जबरन उठाकर गाड़ी में बैठाकर ऋषिकेश की तरफ अज्ञात स्थल हेतु लेकर गये हैं।
मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर अपहणकताओं की तलाश शुरू कर दी गयी। पुलिस ने एसओजी की मदद लेकर तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त आर्टिका कार की तलाश करते हुए उसे रानीपोखरी में पकड़ लिया। देवप्रयाग पुलिस टीम ने रात्रि में ही आरोपितों को कार और अपहृत रवि को देवप्रयाग वापस लेकर आ गई।

## वॉर रूम तैयार, कांग्रेस की जीत हम सुनिश्चित करने जा रहे हैं : नवीन जोशी



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
प्रदेश कार्यालय देहरादून में वॉर रूम चेयरमैन नवीन जोशी की अध्यक्षता में प्रदेश कांग्रेस कमेटी वॉर रूम की महत्वपूर्ण बैठक हुई। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस जीत हम सुनिश्चित करने जा रही है, जिसके लिए दिन रात वॉर रूम कार्यरत रहेगा।
इसमें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए तैयारियों पर जोर देते हुए प्रत्येक लोकसभा के लिए डेस्क हेड नियुक्त किए गए, जिसके तहत वीरेंद्र पंवार को पौड़ी, विनय कुमार को नैनीताल, सुरेश आर्य को अल्मोड़ा, विनीत अग्रहरी गुप्ता व परिणीता बड़ोनी को टिहरी एवं डॉ. सुरेंद्र सिंह प्रजापति को हरिद्वार लोकसभा की जिम्मेदारी देते हुए डेस्क हेड नियुक्ति की गई।
चेयरमैन नवीन जोशी ने बैठक में समस्त पदाधिकारियों से कहा कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस की जीत हम सुनिश्चित करने जा रही है, जिसके लिए दिन रात वॉर रूम कार्यरत रहेगा। सभी डेस्क हेड अपने क्षेत्रों से जुड़े रहेंगे और जमीनी स्तर तक जनता से जुड़ने का काम करेंगे। भाजपा की जनविरोधी नीतियों का हम जवाब देंगे और जनता से अग्निवीर जैसी नीतियों से युवाओं और जनता को जो क्षति हुई है उसे उजागर करते हुए उस पर काम करेगा, जिसके लिए प्रत्येक लोकसभा में कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कांग्रेस मजबूती से चुनाव में उतर गई है।
बैठक में एआईसीसी वॉर रूम ट्रेनिंग हेड ललित मेघवंशी ने सभी डेस्क प्रमुखों को चुनावों की तैयारियों के लिए निर्देशित किया, साथ ही एआईसीसी कॉर्डिनेटर आर्यन चौधरी ने पदाधिकारियों को दिए जाने वाले सभी टास्क को एक साथ मिलकर पूरे करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## तोरणद्वार के निर्माण को लेकर भेल अधिकारियों और नगर पालिका में ठनी

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
हरिद्वार विकास प्राधिकरण के बनाए गए आवासीय भवन परिसर (इंद्रलोक) के तोरणद्वार के निर्माण को लेकर भेल अधिकारियों, नगर पालिका शिवालिक नगर व एचआरडीए के बीच ठन गई है। इसके बाद तोरणद्वार के निर्माण कार्य को बीच में ही रोकना पड़ा। दरअसल इंद्रलोक आवासीय भवन का तोरण द्वार का निर्माण जिस भूमि पर किया जा रहा है वह भूमि भेल की है, जिस पर भेल अधिकारियों ने आपत्ति जताते हुए विरोध किया।

## जाएका ने भारत सरकार के साथ सहयोग को मजबूती देते हुए उत्तराखंड में सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने के लिए 914 करोड़ रु का ओडीए ऋण मंजूर किया

देहरादून। जापान इंटरनेशनल कॉपरेशन एजेंसी (जाएका) ने उत्तराखंड में शहरी जलापूर्ति प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए 16,211 मिलियन येन (लगभग 914 करोड़ रु) के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। राज्य में जलापूर्ति संबंधी इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार करने के लिए जाएका ने समुदायों के सामने पेश आ रही चुनौतियों से निपटने के लिए संकल्प जताया है और साथ ही, यह सतत विकास लक्ष्यों तथा जलवायु परिवर्तन से बचने की क्षमताओं के निर्माण में भी सहयोग देगी।
भारत की बढ़ती आबादी और त्वरित आर्थिक विकास तथा शहरीकररण के मद्देनजर, देश में जल संसाधनों पर दबाव बढ़ा है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड देश के मैदानी भागों के लिए जलापूर्ति के लिहाज से महत्वपूर्ण है, लेकिन इसकी खास भू-संरचना और जलवायु विविधताओं की वजह से इसके सामने कई चुनौतियां खड़ी हैं। विकास के मोर्चे पर आगे रहने के बावजूद, उत्तराखंड की एक बड़ी आबादी पेयजल की समस्या से जूझ रही है, खासतौर से राज्य के सुदूरवर्ती इलाकों में महिलाओं तथा बच्चों को दूरदराज से पानी ढोने की समस्या से दो-चार होना पड़ता है।
उत्तराखंड की विकास संबंधी योजनाओं और जल नीति लक्ष्यों के अनुरूप, उत्तराखंड में शहरी जलापूर्ति प्रणाली में सुधार की परियोजना का उद्देश्य राज्य में जल संबंधी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना, सुरक्षित पेयजल तक पहुंच सुनिश्चित करना तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की क्षमता पैदा करना है। इस परियोजना के तहत राज्य के 11 जिलों के 38 शहरों में काम किया जाएगा, और हरिद्वार, टिहरी, अल्मोड़ा तथा पिथौरागढ़ जिलों पर प्राथमिकता के आधार पर ध्यान दिया जाएगा। वर्ष 2024 में करीब 7 लाख की आबादी को इससे लाभ पहुंचने का अनुमान है। इस परियोजना में, पम्पिंग और ग्रैविटी फ्लो डिस्ट्रिब्यूशन प्रणालियों के विकास समेत जलापूर्ति संबंधी ढांचागत सुविधाओं को उन्नत बनाने के साथ-साथ कुंओं से पानी निकालने की प्रणालियों को बेहतर बनाने पर आवश्यक रूप से जोर दिया जाएगा। इसेक अलावा, परियोजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कंसल्टिंग सेवाएं भी प्रदान की जाएंगी और साथ ही, परिचालन एवं रखरखाव गतिविधियों को मजबूत बनाने के अलावा घरेलू कनेक्शनों को बढ़ावा दिया जाएगा। इस परिरयोजना के पूरी होने पर उत्तराखंड के बाशिन्दों के जीवन में काफी सुधार आने की उम्मीद है, और उन्हें स्थिर जलापूर्ति उपलब्ध होगी जो सीधे-सीधे उनके स्वास्थ्य पर असर डालेगी।

## नवगठित निकायों में संपत्ति कर के नाम पर हो रहा है छल : करन माहरा

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने धामी सरकार पर नए निकायों में कर वसूली के नाम पर जनता के साथ धोखा और छल करने का आरोप लगाया है।
कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष माहरा ने बुधवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी जब चुनाव में जाती है तो जनता से डबल इंजन की सरकार बनाने को कहती है,लेकिन जब सरकार बन जाती है,तो उसके बाद आय के स्रोतों को बढ़ाने के लिए कभी बिजली दरों में बढ़ोतरी के नाम पर तो कभी संपत्ति कर के नाम पर जनता पर बोझ डालती है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड के नवगठित नगर निकाय भी हाउस



टैक्स के दायरे में आने जा रहे हैं और शहरी विकास विभाग संपत्ति कर की उगाही के मामलों को लेकर जगह-जगह नोटिस चस्पा कर रहा है।
उन्होंने कहा कि प्रदेश मैं 102 निकाय हैं 69 नगर निकायों में पहले से ही कर वसूली हो रही है। अब शहरी विकास विभाग ने से सभी निकायों को भी हाउस टैक्स की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश जुलाई 2022 को दिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने नए निकायों का गठन स्थानीय जनता से इस वादे के साथ किया था कि 10 साल तक कोई कर वसूली नहीं की जाएगी ,लेकिन मात्र 5 वर्ष बीतने के बाद ही धामी सरकार ने नवगठित निकायों से संपत्ति कर वसूली के लिए नोटिस लगाने शुरू कर दिए हैं।
उन्होंने बताया कि जिन निकायों को नोटिस दिया गया है, उनमें टिहरी ,सेलाकुई, शिवालिक नगर, भगवानपुर, ढंडेरा, पांडली गुर्जर, रामपुर, इमलीखेड़ा, घनसाली, चमियाला, गजा,लमगांव, तपोवन ,सतपुली, थलीसैंण, नौगांव, पीपलकोटी, चिनियालीसौंड, केदारनाथ ,रानीखेत चिल्लियानौला उखीमठ तिलवाड़ा भिकिसैन,गरुड़, चौखुटियाल, कपकोट, बनबसा, बेरीनाग ,गंगोलीहाट, नगला, नानकमत्ता, गूलरभोज ,लालपुर आदि शामिल हैं।
नगर निकायों में शामिल नए इलाकों को हाउस टैक्स वसूलने पर 10 साल तक की छूट मिली हुई है। इसके लिए विभाग ने अलग से आदेश जारी किए हुए हैं और भारतीय जनता पार्टी ने भी जनता से यही वादा किया था, लेकिन आज इस महंगाई के दौर में जब जनता सरकार से राहत की अपेक्षा कर रही है। शहरी विकास विभाग निकायों में सर्किल रेट आधारित टैक्स प्रणाली लागू कर चुका है इसके लिए नियमावली बनकर तैयार है जो की हाउस टैक्स की नई प्रणाली में लागू की जाएगी इसके तहत सर्किल रेट बढ़ते ही हाउस टैक्स की दरें भी स्वतः बढ़ जाएगी।

## 'राष्ट्रीय एकता यात्रा' पर आए टेंग्नौपाल-मणिपुर के छात्र-छात्राओं ने राज्यपाल से की भेंट

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
राष्ट्रीय एकता यात्रा पर आए टेंग्नौपाल-मणिपुर के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को राजभवन में राज्यपाल से भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि आप किसी भी क्षेत्र को चुनते हैं उस क्षेत्र के शीर्ष पद पर पहुंचने का अपना लक्ष्य बनाएं।
ऑपरेशन सद्भावना परियोजना के अंतर्गत राष्ट्रीय एकता यात्रा में टेंग्नौपाल, मणिपुर के 20 छात्र-छात्राएं शामिल हैं।
इस मौके पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) ने बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अपना आशीर्वाद देते हुए असम राइफल्स के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर की समृद्ध संस्कृति से मैं भली-भांति परिचित हूं,मैंने अपने सैन्य सेवाओं के 10 वर्ष पूर्वोत्तर में गुजारे हैं। उन्होंने बच्चों का आह्वान किया कि जीवन में क्या बनना है? इसके लिए सपने देखना जरूरी है, लेकिन सपने जागकर देखें। हमेशा अपना लक्ष्य ऊंचा रखिए।
राज्यपाल ने कहा कि आज के नए भारत में आप के लिए अवसरों की भरमार है। 2047 के विकसित भारत संकल्प के तहत अपना देश समृद्ध, आत्मनिर्भर और सर्वश्रेष्ठ बने इसके लिए प्रत्येक नागरिक की अहम भूमिका है। विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ते हुए आज देश में रोडवे, रेलवे, एयरवे आधारभूत ढ़ांचे के विकास में अभूतपूर्व सुधार हो रहा है। राज्यपाल ने बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शैक्षिक यात्रा के दौरान जो कई चीजें सीखने को मिली होंगी वह आगे आपके भविष्य में अवश्य काम आएंगी। राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता के प्रति प्रेरित करते हुए उन्होंने बच्चों को राष्ट्र निर्माण में बढ़-चढ़कर योगदान देने की अपील की।

## संपादकीय

# प्रभावी पहल का इंतजार

**बीते** कुछ वर्षों में देश की सामरिक और विदेश नीति में आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। पड़ोसी देशों के दुस्साहस का सीमा पर हमारी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है तो दूसरी ओर अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर सार्थक कूटनीतिक प्रयास किए जा रहे हैं। दुनियाभर में भारत की साख और प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। इसके बावजूद हमारे देश का बड़ा भू-भाग और उसमें रह रहे नागरिक पाकिस्तान और चीन के कब्जे में हैं। इन क्षेत्रों में रह रहे हमारे नागरिक नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। पाकिस्तान की सेना यहां के बाशिंदों के मानवाधिकारों को आए दिन रौंदती रहती है। हालांकि तीन दशक पहले देश की संसद ने इन क्षेत्रों को दोबारा हासिल करने का संकल्प पारित किया था। लेकिन संसद द्वारा पारित इस संकल्प की दिशा में प्रभावी कदम उठाए जाने का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। देश के इतिहास में 22 फरवरी, 1994 का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस दिन हमारी संसद ने ध्वनिमत से एक प्रस्ताव पारित करके संकल्प व्यक्त किया था कि पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू और कश्मीर भारत का अटूट अंग है। पाकिस्तान को वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसने कब्जा जमा रखा है। संसद में पारित इस संकल्प में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर में चल रहे आतंकी शिविरों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। और कहा गया कि भारत में अशांति, वैमनस्य और विध्वंस पैदा करने के स्पष्ट उद्देश्य से पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकियों को प्रशिक्षण देने के साथ उन्हें हथियार और धन मुहैया कराया जा रहा है। इसके अलावा भारत में घुसपैठ करने के लिए भी आतंकियों की मदद की जा रही है। प्रस्ताव में चार बिंदुओं में संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि यह सदन भारत की जनता की ओर से घोषणा करता है कि पाकिस्तान अधिकृत जम्मू कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है और रहेगा। भारत अपने इस भाग के विलय का हरसंभव प्रयास करेगा। दूसरे बिंदु में कहा गया है कि भारत में इस बात की पर्याप्त क्षमता है कि वह उन अलगाववादी और आतंकवादी शक्तियों का मुंहतोड़ जवाब दें, जो देश की एकता, प्रभुसत्ता और क्षेत्रीय अखंडता के खिलाफ हों। तीसरे बिंदु में मांग की गई है कि पाकिस्तान जम्मू कश्मीर के उन क्षेत्रों को खाली करे, जिन्हें उसने कब्जाया और अतिक्रमण किया हुआ है। चौथे बिन्दु में स्पष्ट तौर पर चेतावनी दी गई भारत के आंतरिक मामलों में किसी भी तरह के हस्तक्षेप का मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा। कुछ लोगों का कहना है कि शिमला समझौते के चलते भारतीय संसद द्वारा पारित इस संकल्प के कोई मायने नहीं हैं। दरअसल 1972 में भारत की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो के बीच एक समझौता हुआ था। इस समझौते में नियंत्रण रेखा (एलओसी) को दोनों देशों के बीच सीमा के रूप स्वीकार करने की ऐतिहासिक भूल हुई थी। लेकिन जानकारों का मानना है कि शिमला समझौते का कूटनीतिक समझदारी से प्रयोग करके पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर को दोबारा भारत में शामिल किया जा सकता है। शिमला समझौते में दोनों देशों ने तय किया था कि वे इन विवादों को आपसी बातचीत से हल करेंगे। इन्हें अन्तरराष्ट्रीय मंचों पर नहीं उठाया जाएगा। लेकिन पाकिस्तान लगातार इस शर्त का उल्लंघन करता रहता है यानी उसने खुद शिमला समझौता तोड़ दिया है।

# संदेशखाली पर प्रियंका गांधी को गुस्सा क्यों नहीं आया !



आशीष वशिष्ठ



> "महिला सुरक्षा में नाकाम गहलोत सरकार के कारण राजस्थान में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार, दुराचार और बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं को राजस्थान कभी भूलेगा नहीं। लेकिन मजाल है कि प्रियंका के मुंह से निंदा के दो शब्द भी निकले हों। पिछले साल राजस्थान विधानसभा चुनाव में महिला सुरक्षा प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा था। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की जो खबरें सामने आ रही हैं, उन्हें पढक?, सुनकर और देखकर आत्मा सिहर उठती है। संदेशखाली की कई हिंदू महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर पिछले कुछ वर्षों में रात-रात भर यौन उत्पीड़न और बलात्कार करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल विभिन्न समाचार चैनलों को दिए गए साक्षात्कारों के आधार पर महिलाओं की गवाही के अनुसार, महिलाओं को अक्सर और लापरवाही से रात में उनके घरों से उठाया जाता है"

**कांग्रेस** महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भाजपाशासित राज्यों में महिला उत्पीड़न के मामलों को जोर शोर से उठाती हैं। प्रियंका ने यूपी के हाथरस मामले को जोर-शोर से उठाया था। 1 अक्टूबर 2020 को जब प्रियंका गांधी दिल्ली से हाथरस पीड़िता के परिवार से मिलने जा रही थी तो पुलिस ने ग्रेटर नोएडा के पास उनका काफिला रोक दिया था। तब उन्होंने मीडिया से कहा कि उनकी भी बेटी है, इसलिए एक मां के नाते उन्हें ऐसी घटनाओं से बहुत गुस्सा आता है। प्रियंका ने उन्नाव दुष्कर्म कांड को लेकर योगी सरकार पर जमकर सवाल उठाए थे। इस मामले में उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। एक तो मामला भाजपाशासित राज्य का था, दूसरा आरोपों के घेरे में बीजेपी विधायक था। प्रियंका गांधी ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को घेरते हुए पूछा था कि, सरकार को बताना चाहिए कि वो महिलाओं के साथ है या अपराधियों के? 21 जनवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर जिले में एक किशोरी की हत्या का मामला सामने आया था। परिजनों का आरोप था कि किशोरी की गैंगरेप के बाद हत्या की गई। प्रियंका गांधी 3 फरवरी 2022 को यूपी के बुलंदशहर पहुंचीं, जहां उन्होंने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर पुलिस और प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। 4 फरवरी, 2024 को सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर प्रियंका गांधी ने उप्र के बांदा में एक जज की मौत के मामले को उठाने में देरी नहीं की, और प्रदेश सरकार पर जमकर अपनी भड़ास भी निकाली। एक जिम्मेदार नेता और नागरिक के नाते प्रियंका का महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों और अत्याचार पर मुखरता काबिले तारीफ है। लेकिन तस्वीर का दूसरा पक्ष यह है कि प्रियंका गांधी की सारी सक्रियता भाजपा या एनडीए शासित राज्यों में ही क्यों दिखाई देती है। उन्हें क्यों भाजपाशासित राज्यों में महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों पर ही गुस्सा आता है? उन्हें कांग्रेसशासित और गैर भाजपाशासित राज्यों में महिलाओं पर होने वाले अत्याचार उन्हें उद्वेलित और क्रोधित नहीं करते? उन्हें वहां की महिलाओं का दुख महसूस क्यों नहीं होता? गैर भाजपाशासित राज्यों में हो रहे महिला अपराधों पर वो मौन क्यों धारण कर लेती हैं? मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस के हर छोटे बड़े नेता ने प्रदेश और केंद्र की सरकार पर तीखी बयानबाजी की। सरकार को आरोपों के कटघरे में खड़ा किया। लेकिन ताज्जुब इस बात का है कि लगभग इसी समय कांग्रेस शासित राज्यों राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गैर भाजपाशातस राज्यों बिहार, तेंलगाना, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल आदि में महिला उत्पीड़न के मामलों में प्रियंका गांधी ने मौन धारण करके रखा। राजस्थान में गहलोत सरकार के पांच साल के शासन में बलात्कार और महिला उत्पीड़न की घटनाओं की बाढ़ सी आ गई थी। महिला सुरक्षा में नाकाम गहलोत सरकार के कारण राजस्थान में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार, दुराचार और बलात्कार जैसी जघन्य घटनाओं को राजस्थान कभी भूलेगा नहीं। लेकिन मजाल है कि प्रियंका के मुंह से निंदा के दो शब्द भी निकले हों। पिछले साल राजस्थान विधानसभा चुनाव में महिला सुरक्षा प्रमुख मुद्दा बनकर उभरा था। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार की जो खबरें सामने आ रही हैं, उन्हें पढक?, सुनकर और देखकर आत्मा सिहर उठती है। संदेशखाली की कई हिंदू महिलाओं ने तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता शाहजहां शेख और उनके समर्थकों पर पिछले कुछ वर्षों में रात-रात भर यौन उत्पीड़न और बलात्कार करने का आरोप लगाया है। सोशल मीडिया पर वायरल विभिन्न समाचार चैनलों को दिए गए साक्षात्कारों के आधार पर महिलाओं की गवाही के अनुसार, महिलाओं को अक्सर और लापरवाही से रात में उनके घरों से उठाया जाता है और टीएमसी कार्यालय ले जाया जाता है जहां गुंडों द्वारा उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है। उन्हें धमकी दी जाती है कि अगर उन्होंने बात नहीं मानी तो उनके पतियों को मार दिया जाएगा। जैसा कि महिलाओं ने बताया है, यह यौन उत्पीड़न की कोई आकस्मिक या भयावह घटना नहीं है, बल्कि इन महिलाओं के साथ ये अत्याचार और शोषण वर्षों से जारी था। महिलाओं का आरोप है कि स्थानीय पुलिस, प्रषासन भी उनकी बात नहीं सुनता था। मुख्यधारा की मीडिया ने भी संदेशखाली पर व्यापक रूप से रिपोर्ट करना शुरू कर दिया है। फिर भी, किसी भी जागरूक बुद्धिजीवी और सेलिब्रिटी ब्रिगेड ने निंदा का एक शब्द प्रदेश सरकार के खिलाफ नहीं बोला है। इस अति संवेदनशील और गंभीर मुद्दे पर देश की सबसे पुरानी पार्टी के कर्णधारों प्रियंका गांधी वाड्रा और उनके भाई राहुल गांधी की चुप्पी भी उन्हें सवालों के घेरे में खड़ा करती है। राहुल गांधी तो इस वक्त भारत जोड़ों न्याय यात्रा पर हैं। वो हर छोटे-बड़े मुद्दे पर केंद्र और भाजपाशासित सरकारों को घेर रहे हैं। ऐसे में अहम सवाल यह है कि संदेशखाली की पीड़ितों के लिए उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री से न्याय क्यों नहीं मांगा? संदेशखाली पर प्रियंका गांधी की चुप्पी यह साबित करती है कि उन्हें महिला सुरक्षा और बेटियों की अस्मिता से कोई खास लेना–देना नहीं है। वो महिला उत्पीड़न और अपराध के मामलों को राजनीतिक चश्मे और नफे-नुकसान के हिसाब से देखती हैं। जिस राज्य में भाजपा की सरकार हो, वहां सरकार को घेरने और बदनाम करने का कोई मौका वो छोड़ती नहीं हैं। इसके अलावा विरोध के लिए पीड़ित और अपराधी की जाति का भी ध्यान रखा जाता है।

संदेशखाली में पीड़ित हिंदू दलित महिलाएं हैं, और आरोपी मुस्लिम तृणमूल कांग्रेस का नेता। ऐसे में संदेशखाली में पीड़िताओं के साथ खड़े होने से कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति प्रभावित होती है। इसलिए संदेशखाली पर मुंह बंद करके बैठना कांग्रेस की राजनीति को मुफीद लगता है। पश्चिम बंगाल में स्थानीय कांग्रेस नेताओं ने संदेशखाली घटना की निंदा और विरोध किया, लेकिन मामला जितना गंभीर है, उस हिसाब से कांग्रेस नेताओं की निंदा और विरोध रस्म अदायगी से ज्यादा नहीं है। वास्तव में, कांग्रेस की राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण के इर्द-गिर्द घूमती है। ऐसे में संदेशखाली में प्रियंका, राहुल या किसी दूसरे बड़े नेता के विरोध से मुस्लिम समुदाय में ठीक संदेश नहीं जाएगा। वोट बैंक के तुलना में नारी अस्मिता का मुद्दा कांग्रेस के लिए कोई खास अहमियत नहीं रखता। प्रियंका गांधी का गुस्सा और बयानबाजी सेलेक्टिव और राजनीति से प्रेरित होती है। नारी सम्मान और सुरक्षा की बड़ी-बड़ी बातें और पीड़ितों के लिए सहानुभूति सब कुछ विशुद्ध राजनीति से प्रेरित होता है। संदेशखाली की हिंदू महिलाओं की गवाही सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद से पश्चिम बंगाल सरकार आरोपों को खारिज करते हुए इसे बीजेपी और आरएसएस की साजिश बता रही है। इन असहाय महिलाओं की शिकायतों पर एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई करने के बजाय, पश्चिम बंगाल सरकार ने बार-बार संदेशखाली में धारा 144 लागू की है, लोगों को डराने और महिलाओं की आवाज को दबाने की कोशिशें जारी हैं। 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में प्रियंका गांधी यूपी की प्रभारी थी। उनके नेतृत्व में ये चुनाव लड़ा गया था। तब उन्होंने नारा दिया था कि, ह्यलड़की हूं, लड़ सकती हूंह्व। विधानसभा चुनाव में 40 फीसदी से ज्यादा टिकट महिला उम्मीदवारों को दिये गये थे। आज संदेशखाली की महिलाओं को एक लड़ने वाली बेटी की जरूरत है। लेकिन चुनाव के समय जोशीले नारे देने वाली प्रियंका गांधी तो राजनीतिक परिदृश्य से ही गायब दिखाई देती हैं। पश्चिम बंगाल में कांग्रेस राजनीतिक सेहत किसी से छिपी नहीं है। ऐसे में वहां राजनीति करके कुछ ज्यादा हासिल नहीं होने वाला।

इसलिए प्रियंका न तो वहां की बेटियों के लिए लड़ने जा रही हैं, और ना ही राहुल गांधी उनके लिए न्याय मांग रहे हैं। भाजपा ही प्रदेश सरकार को लगातार इस मुद्दे पर प्रभावी तरीके से घेर रही है। अगली बार जब प्रियंका गांधी को भाजपा या एनडीए शासित प्रदेश में किसी महिला के हक में आवाज उठाने या गुस्सा दिखाने से पहले संदेशखाली की न्याय मांगती पीड़ितों के चेहरे याद रखने चाहिएं। क्योंकि महिला सम्मान और सुरक्षा के गंभीर और संवेदनशील मुद्दे को राजनीतिक नफे-नुकसान के पलड़े पर तोलने से ज्यादा शर्मनाक कुछ और नहीं हो सकता।

## कविता

मैं का मिथ्या प्रलाप।

हम ना होंगे तो क्या होगा।
मैं ना रहूंगा तो क्या होगा।

सब कुछ वही होगा
जो होता आया है।

समय के आप एक पल,
एक क्षण, समय समग्र।

यह मन की एक मिथ्या,
दिग्भ्रम,
मेरे ना रहने से सब थम जाएगा।

एक सितारे के टूटने से
आसमान खाली नहीं होता।

जुगनू के रहने ना रहने से
रात का अंधेरा नहीं छटता।

मेरा अहम, मेरा मुगालता
केवल मिथ्या और भ्रम,
श्रेष्ठ सबसे मानव धर्म।

कर्म ही मानव का
अंतिम सत्य और धर्म है।

मैं और मेरे होने का मतलब
एक जीव का संसार में होना

संजीव

# मंदिर के निर्माण के खोखले दावे

**निर्मल रानी**

**भारतीय** जनता पार्टी द्वारा लोकतंत्र की हत्या के लाख प्रयासों के बावजूद आखिरकार सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर चुनाव में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार कुलदीप कुमार को विजयी घोषित कर ही दिया है। सत्ता को दर्पण दिखने वाले इस फैसले से एक दिन पूर्व यानी गत सोमवार (19 फरवरी ) को ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तर प्रदेश में कल्किधाम मंदिर के एक शिलान्यास कार्यक्रम में जो 'प्रवचन' दे रहे थे उसे सुनकर कोई भी यही कहेगा कि भारतवर्ष तीव्र गति के साथ न केवल आगे बढ़ रहा है बल्कि विश्व महाशक्ति भी बनने जा रहा है। उनके लोकलुभावन व आत्म प्रशंसा से ओत प्रोत प्रवचन के मुख्य अंश कुछ इसतरह थे - "ईश्वर ने मुझे राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण का जो जिम्मा सौंपा है उसको भव्यता दे रहा हूं"। उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक यात्रा संकल्पों के साथ आगे बढ़ रही है। आपने फरमाया कि भारत अब पराभव से विजय की ओर प्रस्थान करने वाला राष्ट्र बन गया है। उन्होंने यह भी कहा कि 'भारत पहली बार उस मुकाम पर है कि अब वह अनुसरण नहीं दुनिया भर में उदाहरण पेश कर रहा है। अब देश का हर व्यक्ति गौरव गौरवान्वित महसूस करता है। अब हमारी शक्ति अनंत और संभावनाएं अपार हैं। अब कालचक्र बदल गया है और नए युग की शुरूआत हो चुकी है। हम दुनिया में पांचवीं अर्थव्यवस्था हैं।"आदि आदि

जिस समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उपरोक्त 'प्रवचन' देकर 'राष्ट्र रूपी मंदिर के निर्माण' की सुनहरी तस्वीर पेश करने की कोशिश कर रहे थे ठीक उसी समय देश का सर्वोच्च न्यायलय एक बार फिर पिछले दिनों चंडीगढ़ में हुये मेयर चुनाव पर इसी आत्म मुग्ध सरकार और इसके 'चाणक्यों ' को आइना दिखा रहा था। गौरतलब है कि भाजपा की चुनाव टालने की तमाम कोशिशों के बावजूद गत 30 जनवरी को चंडीगढ़ में मेयर का चुनाव संपन्न हुआ था। चंडीगढ़ नगर निगम में पार्षदों की कुल 35 सीटें हैं। एक वोट स्थानीय लोकसभा सदस्य का भी गिना जाता है। इस तरह बीजेपी के 14 पार्षद, एक भाजपा सांसद(किरण खेर ) और शिरोमणि अकाली दल के एक पार्षद को मिलाकर कुल 16 वोट ही होते हैं। जबकि दूसरी तरफ आम आदमी पार्टी के पास 13 और कांग्रेस के पास 7 पार्षद हैं।अर्थात इंडिया गठबंधन के पास कुल 20 मतों के संख्या बल के आधार पर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस इसे लोकसभा चुनाव से पूर्व इंडिया गठबंधन के बीजेपी से पहले मुकाबले की तरह देख रही थी तथा इंडिया गठबंधन की जीत के प्रति पूरी तरह आश्वस्त थी। परन्तु इन संभावनाओं के विपरीत आये चुनाव परिणामों से पूरा देश हैरान रह गया। चुनाव प्रक्रिया के दौरान के आये वीडियो में देखा गया कि पीठासीन अधिकारी द्वारा मत पत्रों को अमान्य करार देने की गरज से जानबूझकर उन पर हस्ताक्षर किये गये या कुछ लिखा गया।

## विचार

# हिट विकेट हो गए कमलनाथ

**रमेश सर्राफ धमोरा**

**मध्य प्रदेश** के पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के कद्दावर नेता कमलनाथ को भाजपा ने हिट विकेट कर दिया है। पिछले एक सप्ताह से कमलनाथ के भाजपा में जाने की खबरें सुर्खियां बन रही थी। मगर भाजपा आलाकमान ने कमलनाथ के लिए पार्टी के दरवाजे नहीं खोले। चर्चा है कि मध्य प्रदेश भाजपा द्वारा कमलनाथ के भाजपा प्रवेश का विरोध किए जाने के कारण पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कमलनाथ के भाजपा प्रवेश के कार्यक्रम को टाल दिया है। अब कमलनाथ के सुर भी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। वह बोल रहे हैं कि मैं कभी भी कांग्रेस नहीं छोड़ सकता हूं। मैं जन्मजात कांग्रेसी हूं और रहूंगा। जबकि एक दिन पहले तक कमलनाथ के खासमखास सज्जन सिंह वर्मा ने खुलेआम कांग्रेस पार्टी में कमलनाथ की उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए उनके भाजपा में शामिल होने की पुष्टि की थी। मगर अब सज्जन वर्मा भी अपने बयानों से पलटते नजर आ रहे हैं। भाजपा में कमलनाथ को शामिल करने को लेकर अंदर खाने विरोध के स्वर उठ रहे थे। भाजपा नेता तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि कमलनाथ सिख विरोधी दंगों के अगवा रहे हैं। उन पर सिखों की हत्या करने के आरोप है। ऐसे व्यक्ति को भाजपा में शामिल नहीं करना चाहिए। हालांकि कमलनाथ हमेशा ऐसे आरोपों को नकारते रहे हैं। सभी तरह की जांच में उन्हें क्लीनचिट भी मिल चुकी है। मगर सिख समाज के मन में आज भी कमलनाथ को लेकर नकारात्मक भावना बनी हुई है। ऐसे में भाजपा कमलनाथ को पार्टी में शामिल कर सिख मतदाताओं को नाराज नहीं करना चाहती है। हालांकि तेजिंदर सिंह बग्गा का कहना है कि यदि कमलनाथ के सांसद बेटे नकुलनाथ भाजपा में शामिल होते हैं तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। क्योंकि नकुलनाथ ने सिख विरोधी कोई काम नहीं किया है। कमलनाथ कांग्रेस में सबसे वरिष्ठ नेता माने जाते हैं। संजय गांधी के दून स्कूल के साथी कमलनाथ को 1980 के पहले लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने उन्हें अपना तीसरा बेटा कहकर चुनाव जीतवाने की अपील की थी। 1980 में मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल छिंदवाड़ा से पहली बार चुनाव जीतने के बाद कमलनाथ ने कभी राजनीति में पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह लगातार सफलता की सीढ़ी चढ़ते गए। कांग्रेस की केन्द्र सरकार में वह कई बार मंत्री, संगठन में पदाधिकारी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष व मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री बनाए गए। मगर 2023 में कांग्रेस पार्टी के मध्यप्रदेश विधानसभा का चुनाव हारने के बाद पार्टी में उन्हें हाशिये पर धकेल दिया गया। उन्हें बिना पूछे ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से हटा दिया गया। इतना ही नहीं उनके विरोधी रहे जीतू पटवारी को उनके स्थान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस का अध्यक्ष व उमंग सिंघार को विधायक दल का नेता बना दिया गया। इससे कमलनाथ को बड़ा झटका लगा था और तभी से वह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में अपने प्रवेश की जुगत लगाने लगे थे। हालांकि अब कमलनाथ ने साफ कर दिया है कि वह कांग्रेस छोड़कर कहीं नहीं जा रहे हैं। राहुल गांधी की न्याय यात्रा में भी वह शामिल होंगे। अगले लोकसभा चुनाव में पार्टी के सभी 29 सीटों पर प्रत्याशियों को जितवाने के लिए पूरी मेहनत करेंगे। मगर राजनीति के जानकारों का कहना है कि यह कमलनाथ की खिसियाहट मिटाने का एक तरीका है। कमलनाथ को पता है कि भाजपा में शामिल नहीं होने के कारण पार्टी नेतृत्व के समक्ष उनकी छवि संदिग्ध की बन चुकी है। कांग्रेस आलाकमान को पता है कि जब भी मौका मिलेगा कमलनाथ कांग्रेस को अलविदा कह देंगे। इसलिए कांग्रेस आलाकमान उनको लेकर हमेशा सतर्क रहेगा और आगे उन्हें ऐसी कोई बड़ी जिम्मेदारी भी नहीं दी जाएगी जिस से उनके पार्टी छोड़ने पर पार्टी की छवि खराब हो। कमलनाथ जैसे वरिष्ठ नेता द्वारा पिछले एक सप्ताह से जिस तरह का राजनीतिक ड्रामा किया गया था उसकी किसी को उम्मीद नहीं थी। कमलनाथ की छवि एक गंभीर और सुलझे हुए नेता की मानी जाती रही है। ऐसे में भाजपा में शामिल होने को लेकर अफवाहों का जो दौर देखने को मिला उससे उनकी छवि तो खराब हुई है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# विकास के सोपानों के साथ सत्य की मजबूत प्रासंगिकता

**यह तो सच** बात है कि मानव सभ्यता का सतत विकास उसकी अदम्य जिज्ञासा, उत्कट उत्साह, जिजीविषा, निरंतर उन्नति की भूख और आशावादिता का प्रतिफल है। सभ्यता और संस्कृति की सुविधा के विभिन्न सोपानो में समय-समय पर मूल्यों का स्थापना और पुराने मूल्यों का विस्थापन एक सास्वत सत्य की तरह है। परिवर्तन प्रकृति का आधारभूत नियम है। विकास में धन की आवश्यकता अवश्य होती है पर और धन का अतिरेक विकास की दिशा को दिग्भ्रमित भी कर सकता है। इसके अलावा परिस्थितियों, आवश्यकताओं, दर्शन तथा अर्थ एवं धार्मिक स्थापनाओं के अनुरूप ही समकालीन समाज का दृष्टिकोण और जीवन दर्शन निरंतर विकासवान होता है। आदिकाल से विकास के क्रम में धन के प्रयोग को बड़ा प्रबल माना गया है। शाश्वत मूल्य की मीमांसा एवं उसकी निरंतरता मानवी जीवन से जुड़े अंतरंग पहलुओं को उजागर करती है। सत्य को सिद्धांत के रूप में भी देखा गया है। मानवी जीवन दर्शन में धन और सत्य दोनों कारकों का प्राचीन काल से ही पर्याप्त महत्व रहा है। धन का महत्व है पर धनबल सब कुछ नहीं है। सत्य एक सार्वभौमिक जीवन दर्शन है, इसे धन बल की मिथ्या कभी नष्ट अथवा विलोपित नहीं कर सकती है। धन बहुत कुछ है पर सब कुछ नहीं। सत्य सिद्धांत के बिना धन की विवेचना में मीमांसा अधूरी तथा महत्वहीन है। गलत तरीके से कमाया गया धन मनुष्य के चरित्र में उजियारे दिन के बाद घनघोर तमस की तरह है। सत्य जीवन का सार्वकालिक उजाला है। यह बात भी महसूस की गई है कि निवृत्ति, त्याग, संयम,सन्यास के स्थान पर भोग विलास को प्राथमिकता दिए जाने के कारण धन पर सत्य व नैतिक मूल्यों को बरीयता दी जाने की परंपरा रही है। वेद तथा पुराणों पर भी सत्य एवं नैतिकता के व्यवहारिक पक्ष को उजागर करते हुए लिखा गया है कि 'सत्य का सुख सोने के पात्र से ढका हुआ है, धन जब मुखर होता है तो सत्य नेपथ्य में होता है। सत्य तब मुखर होता है जब धनबल का अतिरेक होने लगता है। धनबल मिथ्या है, सत्य शाश्वत और परंपरागत अनुवांशिक शक्ति है। भारतीय संस्कृति एवं परंपरा सत्य के मूल्य को सर्वोत्कृष्ट है उस सर्वोच्च मानती है। इसे मन वचन और कर्म में अद्वैत के स्तर तक निश्चित अकाट्य और सदैव अपरिवर्तनीय ही माना गया है, लोक जीवन का 'सांच को आंच नहीं'।

# अगर ऐसा हो जाए तो...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**अब दिन** कुछ ऐसे आ गए हैं कि सांस लेने से पहले हवा से अनुमति लेनी होगी कि क्या मैं सांस ले सकता हूं? हवा को सख्त आदेश दे दिए जायेंगे कि वह बहने से पहले बताएं आज कहां, कब और किस दिशा में बहेगी और कितना बहेगी। बहने से पहले अपनी मंशा भी बतानी होगी कि वह क्यों बहना चाहती हैं। अन्यथा उसके बहने पर प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। ऐसा ही एक नया कानून तूफानी हवाओं पर भी लगा दिया गया। उन्हें देश से तड़ीपार हो जाने के कड़े निर्देश दिए गए हैं।

यदि वे इसका उल्लंघन करते हैं तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। कारण, सताने वाले शेखचिल्ली के ख्वाब बुन रहे हैं और गहरी निद्रा के बाद हवाई किलो को वास्तविक रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। इसलिए नए कानूनों का पालन करना तूफानी हवाओं की मौत पर बन आयी है। इतना ही नहीं नए कानून का चाबुक समुद्र की लहरों पर भी पड़ा है। अब वह बड़ी-बड़ी लहरों के साथ किनारे को छूने का प्रयास नहीं कर सकता। यदि ऐसा करता है तो उसकी लहरें कैद कर ली जाएंगी। इसके अतिरिक्त समस्त जल राशि दंड स्वरूप वसूल ली जाएगी। इसलिए जितनी भी हलचल, उथल-पुथल आक्रोश हो उसे अपने भीतर ही दबाकर रखना होगा। उसका प्रदर्शन करना कानूनी अपराध माना जाएगा। नए कानून के अनुसार बगीचे के फूल सारे एक जैसे ही उगने चाहिए। उगने वाले फूल भी एक जैसे रंग के होने चाहिए। यदि फूल इन बातों का कहा नहीं मानते तो उन पर कानून की दंड संहिता लागू कर दी जाएगी। जब देश एक है तो फूल का रंग भी एक होना चाहिए। हवाएं जब हमारी सीमाओं में बहती है तो उन्हें हमारी सीमाओं का पालन करना चाहिए। समुद्र की लहरें जब हमारी जमीन पर उछल-कूद करती है तो उन्हें भी हमारी कानूनी उछल-कूद का पालन करना होगा। काश कानून बनाने वाले जान पाते कि हवा, समुद्र और सांसें जब तक चुप हैं तब तक नए कानूनों की मनमानी चलती है। किंतु यही जब सुनामी बन जाते हैं तब कानूनों की गुमनामी इतिहास के पन्नों में पढ़नी पड़ती है।

## न्यूज फ्लैश

### शिव भजनों पर मंत्रमुग्ध होकर झूमे श्रद्धालु



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर निकाली गई प्रभातफेरी का बुधवार को शहर में विभिन्न स्थलों पर फूलों की वर्षा के साथ स्वागत किया गया। भजन गायकों ने जब भोले बाबा के भजन गाए तो श्रद्धालु झूम उठे। सुबह चार बजे भोले बाबा के गगनभेदी जयघोषों के साथ प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का आरंभ आरके पुरम में प्रभातफेरी रोहित पिंडी के निवास से हुआ और विभिन्न गली मोहल्लों से होते हुए वापिस वहीं पर विश्राम लिया। गणेश पूजा व शिव आराधना करने के साथ साथ गुणगान किया। इसके बाद भोले बाबा का गुणगान करते शहर की विभिन्न गलियों व बाजारों से गुजरते हुए प्रभातफेरी में शामिल भोले बाबा के श्रद्धालु जमकर झूमे।

मंच के प्रधान सतपाल मनोचा ने कहा कि तडके प्रभात फेरी में श्रद्धालु बढ़-चढकर भाग लेते हैं और भोले बाबा का गुणगान करते हैं। बाबा भोलेनाथ भी अपनी कृपा अपने भक्तों पर बनाए रखते हैं। इस अवसर पर शोभा, विभा, रमेश, शिल्पा, रामलाल, गोपाल, साजन, राधे कृष्ण, विकास, अजय, राजन ढींगडा, आशा, सुनीता कथूरिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का आशीर्वाद लिया।

### स्वयंसेवकों ने रैली निकाल ग्रामीणों को किया जागरूक




**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** गुरु नानक खालसा कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई की ओर से आयोजित सात दिवसीय शिविर के छठे दिन स्वयंसेवकों द्वारा गांव काछवा में यातायात रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों ने विभिन्न बैनरों एवं प्रतीक चिन्हों के साथ जागरूकता अभियान चलाया।

गांव काछवा के ग्रामीणों ने रैली का विभिन्न जगह बड़ी उत्साह के साथ स्वागत किया तथा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, जल संरक्षण, वृक्षारोपण, पराली ना जलाना पर चर्चा की। इसके उपरांत विनायक कॉलेज के प्रांगण में थिएटर आर्ट ग्रुप द्वारा एक नाटक का मंचन किया गया, जिसमें प्रवेश त्यागी एवं उनकी टीम ने नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से विभिन्न सामाजिक समस्याओं पर प्रकाश डाला।

दोपहर उपरांत राष्ट्रीय सेवा संगठन के अध्यक्ष प्रदीप मैहला ने स्वयंसेवकों के साथ कॉलेज की शिक्षा के पश्चात सामाजिक सेवा के अवसरों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे एनएसएस स्वयंसेवक कॉलेज की पढ़ाई के बाद एनएसओ से जुडकर समाज के प्रति अपने दायित्व का निर्वहन कर सकते हैं। प्रिंसिपल डा.गुरिंदर सिंह ने सभी विद्यार्थियों की हौसला अफजाई की। इस अवसर पर प्रो. अजय, प्रो. प्रदीप, प्रो. अमनदीप कौर और प्रो. डिंपल आदि मौजूद रहे।

# मताधिकार के उपयोग के लिए मतदाता सूची में नाम होना जरूरी : अनीश यादव

## मतदाता सूची जिला, सीईओ हरियाणा और इसीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध, करीब एक दर्जन पोलिंग बूथों का किया निरीक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बुधवार को करनाल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के 12 मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया और प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि पोलिंग बूथों में कमरे, खिडकी, दरवाजे, बिजली व पानी का प्रबंध सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैम्प भी बनाएं ताकि मतदाताओं को मतदान के लिए किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने इस मौके पर एसडी मॉडल स्कूल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में स्थापित किए जाने वाले स्ट्रोंग रूम का भी निरीक्षण किया। डीसी ने निरीक्षण के दौरान राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन, करनाल में स्थापित पोलिंग बूथ न. 22, 23 व 24 का निरीक्षण किया व प्रबंधों का जायजा लिया। इसी प्रकार राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड करनाल में स्थापित पोलिंग बूथ न. 143, 144, 145, 146, 147 व 148, तथा एसडी मॉडल स्कूल रेलवे रोड करनाल में स्थापित पोलिंग बूथ न. 131 व 132 शामिल हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। मतदाता सूची जिला करनाल, सीईओ हरियाणा और इसीआई की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मताधिकार का उपयोग करने के लिए मतदाता सूची में नाम होना अनिवार्य है। अगर किसी नागरिक ने अपना नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं करवाया है तो वह ऑनलाइन फार्म छह भरकर अपना नाम मतदाता सूची में शामिल करवा सकता है। अगर मतदाता सूची में नाम गलत है या अन्य गलती है तो फार्म आठ भरना होगा और अगर किसी मतदाता का देहांत हो चुका है और नाम मतदाता सूची से हटवाना है तो वह भी फार्म सात भरकर कटवाया जा सकता है। इसके लिए ऑनलाइन सुविधा मौजूद है। उन्होंने बताया कि वोटर डॉट इसीआईडॉट जीओवीडॉट इन वेबसाइट पर या वोटर हेल्पलाइन एप अपने स्मार्ट मोबाइल में डाउनलोड कर मतदाता सूची में नाम शामिल, शुद्धिकरण और वोट हटवा सकते हैं।

## नीलोखेडी विधानसभा क्षेत्र के सैक्टर अधिकारियों की हुई मीटिंग



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** अतिरिक्त उपायुक्त एवं सहायक रिर्टनिग अधिकारी अखिल पिलानी द्वारा आगामी लोकसभा आम चुनाव-2024 हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 19-नीलोखेड़ी (अ.जा) में लगाये गये सैक्टर ऑफिसर की मीटिंग अपने खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी, नीलोखेड़ी के कार्यालय मे करवाई गई।

मीटिंग के दौरान सभी सैक्टर ऑफिसरों को बताया गया कि उनको जो भी मतदान केन्द्र अलॉट किये गये है, वह उनका भौतिक निरीक्षण व जांच पड़ताल तुरन्त प्रभाव से करते हुए की गई कार्यवाही की रिपोर्ट अतिरिक्त उपायुक्त करनाल कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त सभी ऑफिसरों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 19-नीलोखेडी (अ.जा) में अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हर सम्भव प्रयास करें।

## मतदाताओं को दिया गया ईवीएम के बारे प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा आगामी लोकसभा के चुनावों के मद्देनजर मतदाताओं को ईवीएम के प्रति जागरूक करने के लिए जिला के विभिन्न गांवों में पहुंचकर मतदाताओं को ईवीएम के बारे प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए एसडीएम एवं करनाल विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी अनुभव मेहता ने बताया कि उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव के निदेर्शानुसार शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को लोकसभा व विधानसभा चुनावों से पहले ईवीएम के माध्यम से मतदान करने का प्रशिक्षण जारी है। इसी कड़ी में आज बांसो गेट, जुंडला गेट, कुमार मोहल्ला तथा मलका मोहल्ला के मतदाताओं को मास्टर ट्रेनरों द्वारा ईवीएम का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने लोगों से यह भी अपील की कि जिन युवक-युवतियों की आयु 18 वर्ष हो गई है, वे अपना वोट अवश्य बनवाएं और अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने के लिए आगे आएं।

## श्री आत्म मनोहर जैन वैलनैस सैंटर का निर्माण शुभारंभ 25 को

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल /राजकुमार प्रिंस।** उत्तर भारत में सभी प्राचीन परंपराओं के सर्वमान्य श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के एकमात्र तीर्थस्थान के वार्षिक स्थापना महोत्सव के साथ उदीयमान सेवाशील चिकित्सा संस्थान श्री आत्म मनोहर जैन चैरिटेबल हस्पताल की पहली वर्षगांठ और भारतीय पुरातन चिकित्सा पद्धति के पुनरुत्थान को समर्पित श्री आत्म मनोहर जैन वेलनैस सैंटर का निर्माण शुभारंभ 25 फरवरी को श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर के वाचनाचार्य श्री मनोहर मुनि ऑडिटोरियम में भक्तिभाव पूर्वक संस्थान प्रेरक भारत संत गौरव श्री पीयूष मुनि जी महाराज के पावन सान्निध्य में मनाया जा रहा है।

## जिस्पेशल लोक अदालत का हुआ आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस।** जिला कारागार में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में 5 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया गया, जिसमें 5 केसों में 6 को अंडरगोन किया।

सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण बच्चों, वरिष्ठ नागरिक, अनुसूचित जाति व जनजाति या आम नागरिक जिसकी सभी स्रोतों से आय 3 लाख रुपए से कम है, ऐसे व्यक्ति मुफ्त कानूनी सलाह या मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार हैं। आज की जेल लोक अदालत में श्री जेल अधीक्षक अमित भादू और जेल उपाधीक्षक सुश्री शैलाक्षी भारद्वाज भी उपस्थित थे।

शैलाक्षी भारद्वाज ने सीजेएम को आश्वस्त किया कि वह सप्ताह में एक बार सभी कैदियों से पूछते रहते हैं कि किसी के पास कोई वकील उसके केस की पैरवी करने के लिए न हो तो जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा उसे निशुल्क प्रदान किया जाएगा।

# जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन 28 फरवरी को

## सफल आयोजन को लेकर आज अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के करनाल स्थित नेहरू युवा केंद्र की ओर से पिछले सालों की तरह इस बार भी यहां सेक्टर 14 के पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय आस-पड़ोस युवा संसद का आयोजन 28 फरवरी को सुबह दस बजे किया जायेगा। इसके सफल आयोजन को लेकर आज अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में आयोजन को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया, जिसमें उपमंडल अधिकारी नागरिक अनुभव मेहता, नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी रेणु, भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सिया राम, नेहरू युवा केंद्र के लेखा पर्यवेक्षक पंकज, पंडित चिरंजीलाल के कॉलेज में एनएसएस के पीओ राजेश कुमार को शामिल किया गया है। अतिरिक्त उपायुक्त ने निर्देश दिये कि डाइट करनाल के विद्यार्थियों को भी इसमें शामिल किया जाये। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिये कला परिषद के निदेशक को पत्र लिखा जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में अधिकाधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजूकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टीसिपेशन) गतिविधियों को भी शामिल किया जाये। शून्य काल, प्रश्न काल जैसी गतिविधि भी शामिल होनी चाहिये। एडीसी ने बैठक में मौजूद विभिन्न कालेजों के प्रतिनिधियों को यह भी निर्देश दिये कि वे कार्यक्रम में पहुंचने वाले विद्यार्थियों पर पूरी तरह नियंत्रण रखें ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न फैले। जिला युवा अधिकारी रेणु ने बताया कि कार्यक्रम में मॉक ड्रिल के अलावा मेरा भारत पोर्टल, नया भारत नई पहल, मिलेट्स (बाजरा) के विषय को शामिल किया गया है। मेरा भारत पोर्टल के बारे में युवाओं को जागरूक किया जाये। उन्होंने सेक्टर 14 राजकीय महाविद्यालय के प्रतिनिधि को आश्वासन दिया कि कार्यक्रम के बारे में निगम अधिकारियों सेमिलकर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करा दिया जायेगा। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल के अलावा पवन, दीपिका, डिंपल, कुलदीप, रवींद्र मलिक, जसविंद्र सिंह, मनीषा रानी आदि ने भाग लिया।



**युवा संसद**

**8 कार्यक्रम में स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजूकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टीसिपेशन) गतिविधियों को भी शामिल किया जाये**

## दिल्ली बॉर्डर सील होने के कारण रोडवेज को लगा लाखों रुपये का फटका

**सोनीपत: किसान** आंदोलन के कारण बॉर्डर सील होने से रोडवेज के राजस्व को भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। आठ दिलों में रोडवेज को करीब 56 लाख रुपये का फटका लग चुका है। हालात यह हैं कि कमाई वाले लंबे रूटों पर जहां बसों के किलोमीटर बढ़ गए हैं, वहीं यात्रियों की संख्या 60 फीसदी तक कम हो गई हैं। ऐसे में रोडवेज को प्रतिदिन के हिसाब से करीब सात लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने 13 फरवरी को दिल्ली कूच की घोषणा की थी। जिसके बाद पुलिस ने हरियाणा-पंजाब व हरियाणा दिल्ली बॉर्डर को सील कर दिया था। जिससे कई रूटों पर परिवहन सेवाएं बंद कर दी थी। पंजाब जाने वाली बसों को वाया यमुनानगर के रास्ते चंडीगढ़ भेजा जाने लगा। वैकल्पिक मार्ग से जाने के कारण चंडीगढ़ रूट पर जाने वाली बसों को करीब 30 किलोमीटर का अतिरिक्त फेट काटना पड़ रहा है। जिससे डीजल की खपत बढ़ गई है। जबकि किराया पहले के समान ही है।

**12 लाख से घटकर 5 लाख तक सिमटी प्रतिदिन की औसतन आय-** रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि सामान्य दिनों में रोडवेज की प्रतिदिन की औसतन आय 12 लाख रुपये के आसपास रहती थी। बॉर्डर सील होने के कारण बदले हालात के बाद अब रोडवेज की बसों में यात्रियों की संख्या में 60 फीसदी तक की कमी आई है। वहीं दूसरे रास्तों से जाने व जाम में फंसने के कारण तेल की खपत बढ़ गई है। जिससे वर्तमान में रोडवेज की प्रतिदिन की आय करीब पांच लाख रुपये तक रह गई है। किसान आंदोलन से पूर्व रोडवेज की चंडीगढ़, जयपुर, आगरा जैसे लंबे रूटों से अच्छी कमाई हो रही थी।

## अधिवक्ता के चैंबर से नकदी भरा बैग व लैपटॉप चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत शहर** थाना क्षेत्र में अधिवक्ता के चैंबर से रुपये व लैपटॉप के चोरी करने के आरोप का मामला सामने आया है। अधिवक्ता के चैंबर में अभ्यास करने आ रहे अधिवक्ता मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

गांव खांडा निवासी विनय कुमार ने बताया कि वह जिला न्यायालय में अभ्यास करने के लिए आता है। वह चैंबर नंबर-39 ए में ब्लॉक एक में अधिवक्ता तरूण कौशिश के पास चैंबर में बैठता है। गत 16 फरवरी को उसके पास करीब 10 बजे चैंबर में एक व्यक्ति आया। उसने कहा कि तरूण कौशिक से मिलना है। उसने कहा कि कौशिक जी कुछ देर में आने वाले है। वह अपने काम से कोर्ट में चला गया। कुछ देर बाद वापिस आया तो उसका बैग चैंबर में नहीं मिला। बैग में 4700 रुपये की राशि व लैपटॉप जोकि करीब 30 हजार रुपये कीमत का है। वह सब गायब मिला।

# चंडीगढ़ में 'इंडिया' गठबंधन की जीत पर आप ने मनाया जश्न

**पानीपत/कमाल हुसैन**

आम आदमी पार्टी जिला की कार्यकारिणी ने बुधवार को पानीपत में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के संयुक्त उम्मीदवार कुलदीप कुमार की जीत पर जश्न मनाया। ढोल नगाड़ों के साथ जिला पार्टी कार्यालय में धूमधाम से जीत की खुशी में लड्डू बांटे गए। सभी कार्यकताओं ने उत्साह में एक दूसरे को बधाई दी। प्रदेश सह सचिव सुखबीर सिंह मलिक ने कहा की सुप्रीम कोर्ट के निर्णय से लोकतंत्र की जीत हुई है। "इंडिया" गठबंधन की भी जीत की शुरूआत हुई है। दिल्ली और पंजाब के बाद चंडीगढ़ में भी आम आदमी पार्टी का राज होगा। इससे साबित होता है कि बीजेपी को आम आदमी पार्टी और कांग्रेस मिलकर हरा सकते हैं। चंडीगढ़ मेयर चुनावों में जीत से जनता में ये विश्वास बढ़ा है कि बीजेपी को इंडिया गठबंधन हरा सकता है। पूरे देश ने देखा था कि कैसे बीजेपी ने लोकतंत्र की हत्या करने का काम किया था। जिलाध्यक्ष राकेश चुघ ने कहा कि अब दिल्ली, पंजाब और चंडीगढ़ के बाद 2024 में हरियाणा में भी आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनावों के मंथन शुरू कर दिया है। केंद्रीय नेतृत्व के निर्णय के अनुसार आम आदमी पार्टी चुनावों में उतरेगी। विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर अकेले दम पर लड़ेगी। जनता में आम आदमी पार्टी के प्रति विश्वास बढ़ा है। आम आदमी पार्टी आगे भी बीजेपी की लोकतंत्र विरोधी नीतियों को बेनकाब करती रहेगी। प्रदेश में आने वाला समय आम आदमी पार्टी का है।आम आदमी पार्टी संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भरतीय लोकतंत्र को बचाने के लिए माननीय सर्वोच्च न्यायालय का दिल से धन्यवाद जताया। उन्होंने कहा 36 में से 8 वोट चोरी कर लिए यानी 25% की चोरी अगर लोकसभा 2024 बीजेपी 300 प्लस सीट लाती है तो इस मे शंशय नहीं है 25% वोट चोरी के हो। अगर छोटे से चुनाव में 25% वोट चोरी कर सकती है तो बड़े चुनाव में इससे ज्यादा वोट चोरी करेंगी। सर्वोच्च न्यायालय को यह भी जांच करनी चाहिए मसीह का मसीहा कौन है? और उसकी न्याय पूर्ण दंड देना चाहिए।



# सरकार ने करप्शन, कास्ट और क्राइम पर एक साथ किया वारः योगेंद्र

## मुख्यमंत्री के करनाल आगमन की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल 24 फरवरी को कल्पना चावला मैडिकल कॉलेज के सैकेंड फेस के उद्घाटन के साथ-साथ अन्य कई विकास की योजनाओं का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम को भव्य रूप प्रदान करने और कार्यक्रम की सफलता को लेकर विचार-विमर्श करने हेतु भाजपा जिला कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने की। जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बताया कि कल्पना चावला सभागार में होने वाले इस कार्यक्रम में सभी प्रमुख सामाजिक संस्थाओं, धार्मिक संस्थाओं व समाज के अन्य प्रबुद्धजनों को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण देने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इस कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल किस प्रकार रात-दिन एक करते हुए अठारह अठारह घंटे काम करके प्रदेश के लोगों के कार्यों को कर रहे हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सबका विकास सबका विश्वास को लेकर प्रदेश मे समान विकास के आधार पर काम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर युवा को रोजगार से जोडने का है, ताकि प्रदेश का कोई भी युवा बेरोजगार न रहे और हरियाणा आत्मनिर्भर बने। योगेंद्र राणा ने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सरकारी नौकरियों को मिशन मैरिट में बदला है।



**विकास योजना**

**8 सभी जिलों में काम किया, न कोई राजनीतिक भेदभाव हुआ और न ही किसी क्षेत्रवाद को बढ़ावा दिया**

पिछले 9 सालों में युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना खर्ची पर्ची के एक लाख 10 हजार से अधिक सरकारी नौकरियां देकर उनका मनोबल बढ़ाया है। सरकार ने बिना भेदभाव के सभी जिलों में काम किया, न कोई राजनीतिक भेदभाव हुआ और न ही किसी क्षेत्रवाद को बढ़ावा दिया।

# पुरानी अनाज मंडी स्थल पर नगर निगम बना रहा कॉमर्शियल स्पेसः अभिषेक



**टीम एक्शन इंडिया/करनाल/राजकुमार प्रिंस**

नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बताया कि शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थल पर कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट पर कार्य प्रगति पर है। इसके लिए पहले साईट की खुदाई का काम किया गया, जिसे डबल बेसमेंट के लिए जमीन को नीचे तक गहरा खोदा गया। अब पी.सी.सी. यानि प्लेन सीमेंट कंक्रीट तथा बेसमेंट राफटिंग का कार्य किया जा रहा है। इसके बाद इस प्रोजेक्ट पर कॉमर्शियल बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। प्रोजेक्ट को दिसंबर 2024 तक पूरा कर लिए जाने की प्रबल उम्मीद है। बिल्डिंग का 5 साल का संचालन एवं रख-रखाव भी एजेंसी द्वारा ही किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट पर अनुमानित 27 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। निगमायुक्त ने बताया कि कॉमर्शियल स्पेस प्रोजेक्ट की स्ट्रक्चरल ड्राईंग यानि संरचनात्मक चित्रण को एन.आई.टी. कुरूक्षेत्र से वैटिंग करवाई जा चुकी है और इसकी आर्किटैक्ट ड्राईंग यानि वास्तुकार चित्रकला भी एजेंसी द्वारा बना ली गई है। प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए नगर निगम की ओर से कुरूक्षेत्र आधारित अंतरराष्ट्रीय स्तर की निर्माण एजेंसी कृष्ण कंस्ट्रक्शन को इसका वर्क अलॉट किया गया है। इसका निर्माण ई.पी.सी. यानि इंजीनियरिंग प्रोक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन पर आधारित होगा।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 22 फरवरी 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

### यूपी बोर्ड : सोशल मीडिया पर निगरानी को क्यूआरटी टीम गठित

**प्रयागराज:** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं गुरुवार से दो पालियों में शुरू हो रही हैं। 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी परीक्षा देने को तैयार हैं। हाई स्कूल एवं इंटर में हिन्दी विषय की परीक्षा होनी है। सभी को प्रवेश पत्र वितरित हो चुका है। तीन लाख से अधिक कक्ष निरीक्षकों की तैनाती हो चुकी है। सभी को क्यूआर कोड वाले आईकार्ड दिए गए हैं। सभी ने परीक्षा केंद्रों पर अपनी उपस्थिति बुधवार को दर्ज करा दी है। उत्तरपुस्तिका को भी क्यूआर कोर्ड के दायरे में लाया गया है। परीक्षा में नकल रोकने के लिए एसटीएफ, लोकल खुफिया विभाग एवं पुलिस भी सक्रिय हो गई है। परीक्षा केंद्रों पर प्रश्नपत्र का पैकेट खोलने के लिए त्रिस्तरीय टीम गठित की गई है। सोशल मीडिया पर निगरानी रखने के लिए क्यूआरटी यानि तत्काल कार्रवाई टीम गठित की गई है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेगी। परीक्षा केंद्रों एवं स्ट्रांग रूमों की निगरीनी को बोर्ड मुख्यालय समेत सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में बना कमांड रूम भी सक्रिय हो गया है। प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को रात्रि में परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण का निर्देश दिया गया है। बोर्ड सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बुधवार को प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को गूगल मीटिंग करके परीक्षा सम्बंधी दिशा निर्देश दिए। हाईस्कूल में 29,38,663 तथा इंटर में 5,123 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। द्वितीय पाली में इंटर हिन्दी एवं सामान्य हिन्दी की परीक्षा 8,232 केंद्रों पर होगी। हाईस्कूल में वाणिज्य की परीक्षा 1619 सेंटरों पर होगी। इंटर में 24,29,278 तथा हाईस्कूल में 38,437 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### सरकारी डिग्री कॉलेज कठुआ परिसर में मिला भ्रूण

**कठुआ: सरकारी** डिग्री कॉलेज कठुआ के उस समय हडकंप मच गया जब कॉलेज परिसर में भ्रूण मिलने की खबर सामने आई। जिसके बाद कठुआ पुलिस मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार जिला सचिवालय के समीप सरकारी डिग्री कॉलेज कठुआ परिसर में स्थित पार्क में कॉलेज के छात्र बैठे हुए थे।

# अपरंपार है नैमिषारण्य की महिमा: सीएम योगी

## मुख्यमंत्री ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना-प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चितशक्ति द्वार का किया उद्घाटन

लिपिबद्ध

**8 भारत की ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को वैदिक ज्ञान के रूप में लिपिबद्ध कर विरासत के रूप में दिया था**





**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

नैमिषारण्य की महिमा अपरंपार है। सभी धार्मिक ग्रंथों ने इस पावन तीर्थ की महिमा का गान किया है। तीरथ वर नैमिष विख्याता, अति पुनीत साधक सिद्धि गाथा... संत तुलसीदास ने सबसे विख्यात ग्रंथ रामचरित मानस में भी नैमिषारण्य की महिमा का ज्ञान किया है। भगवान वेदव्यास के सानिध्य में हजारों ऋषियों ने यहां साधना की थी। 88 हजार ऋषियों ने इस क्षेत्र में साधना कर भारत की ज्ञान-विज्ञान की धरोहर को वैदिक ज्ञान के रूप में लिपिबद्ध कर विरासत के रूप में दिया था। देवासुर संग्राम में महर्षि दधीचि ने यहीं अस्थि दान किया था। सती के जिह्वा का भाग ललिता देवी के रूप में इसी स्थल पर गिरा था। शक्तिपीठ मां ललिता देवी का पावन धाम व चक्रतीर्थ यहीं पर है। इस कड़ी को जोड़ते हुए संत सनमुखानंद पुरी जी महराज ने राजराजेश्वरी मंदिर व आश्रम की स्थापना कर नई ऊंचाइयां प्रदान करने का कार्य किया है। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। सीएम ने श्री श्री जगदंबा राज राजेश्वरी मंदिर की स्थापना- प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव व नूतन देवालय के चितशक्ति द्वार का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां पूजन-अर्चन भी किया। सीएम ने कहा कि देश, समाज व लोक की व्यवस्था को लोककल्याण के पथ पर उन्मुख करने के लिए जिस देवी का अनुष्ठान करते हैं, वह जगदंबा राजराजेश्वरी है। जो सबको नियंत्रित कर सन्मार्ग पर ले चलने की प्रेरणा प्रदान करती है। नैमिष तीर्थ के महात्म्य को ध्यान में रखकर सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। इसे तीर्थ के रूप में विकसित करने की कार्रवाई चल रही है।

**विश्व मानवता को बचाना होगा तो सनातन धर्म को बचाना होगा:** सीएम योगी ने कहा कि धार्मिक आयोजन सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। शास्त्र कहता है कि धर्म से हीन व्यक्ति व पशु में अंतर नहीं है। धर्म केवल उपासना विधि नहीं है। धर्म अच्छे मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। धर्म शाश्वत व्यवस्था है, जिसके माध्यम से हम लोग अनुशासन, कर्तव्य व सदाचार का पाठ पढ़ते हैं। इनसे जुड़े नैतिक मूल्य का समन्वय ही वास्तव में धर्म है।

### अयोध्या में एक सप्ताह में व्यापार तीस गुना

**सीएम** ने कहा कि नैमिषारण्य पुरातन वैभव को प्राप्त हो। इसका स्वरूप उसी रूप में फिर से प्राप्त हो सके, वह धर्म के साथ अर्थ के हित में भी है। यहां का पुरातन वैभव पुर्नस्थापित हो जाता है तो स्थानीय हजारों नौजवानों को रोजगार की सुविधाएं प्राप्त होंगी। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहले सप्ताह में दो-तीन बार गया तो मैंने व्यापारियों से पूछा कि कुछ लाभ भी हो रहा है या सिर्फ भीड़ ही आ रही है तो उन्होंने बताया कि हमारा व्यापार एक सप्ताह में तीस गुना बढ़ गया है। अच्छे कार्य से समाज का हर तबका लाभान्वित होता है।

**लोक कल्याण व राष्ट्र कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं**

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में चलने वाले कार्यक्रम का



उद्देश्य जाति, पंथ-वेशभूषा, खानपान से ऊपर उठकर देश के बारे में सोचें। देश हमारे लिए पहले है। मेरी साधना व वैभव देश हित में लगे, जिस दिन हर भारतवासी इस भाव से कार्य करना प्रारंभ कर देगा, भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत के रूप में स्थापित होने से कोई रोक नहीं सकता। लोक कल्याण व राष्ट्र कल्याण एक-दूसरे के पूरक हैं। इन दोनों को अलग नहीं किया जा सकता।

## 2025 तक उत्तराखंड को नशामुक्त करने का होगा प्रयास: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मुख्य सेवक सदन में आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता (मिस्सरवाला) डोईवाला की ओर से ड्रग्स फ्री उत्तराखंड मिशन-2025 के तहत आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले युवाओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश के युवाओं को नशे से बचाने के साथ स्वैच्छिक रक्तदान के लिए लोगों को प्रेरित करना समय



की जरूरत है। रक्तदान को महादान की संज्ञा दी गई है। मुख्यमंत्री ने आदर्श औद्योगिक स्वायत्तता सहकारिता संस्था की अध्यक्ष व कार्यक्रम संयोजक आशा कोठारी, सचिव हरीश कोठारी के प्रयास की सराहना की। दून हॉस्पिटल ब्लड बैंक देहरादून से डॉ. शशि उप्रेती, डॉ. नितेष गुप्ता के नेतृत्व में टीम ने रक्तदान में सहयोग किया।

### महाराष्ट्र में प्रसाद खाने के बाद 300 से ज्यादा बीमार

**टीम एक्शन इंडिया/मुंबई**

**महाराष्ट्र** के बुलढाणा जिले में एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान प्रसाद खाने के बाद 300 से ज्यादा लोग बीमार पड़ गए। इनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं मामले का वीडियो भी सामने आया है। इसमें एक अस्पताल के बाहर सड़क पर कई मरीजों का इलाज किया गया।

सलाइन की बोतलें पेड़ों से बंधी रस्सियों से लटकाई गईं। यह घटना मंगलवार की है। सोमथाना गांव में 'हरिनाम' नाम का एक सप्ताह तक धार्मिक आयोजन हुआ था।



उपराष्ट्रपति ने संसद भवन में नालंदा विश्वविद्यालय के छात्रों के साथ बातचीत।

### हेमंत सोरेन की याचिका पर फैसला

**टीम एक्शन इंडिया/रांची**

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के लिए पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से दाखिल याचिका पर आज ईडी कोर्ट में सुनवाई हुई। इस मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी कर ली गई। अब अदालत इस मामले में गुरुवार को अपना फैसला सुनाएगी। दरअसल, मंगलवार को हेमंत सोरेन की ओर से ईडी कोर्ट में बजट सत्र में शामिल होने को लेकर याचिका दाखिल की गई थी। बता दें कि झारखंड में विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है। यह सत्र 2 मार्च तक चलेगा।

## काशी के दो दिवसीय प्रवास पर आएंगे पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/वाराणसी**

**22 जनवरी को** अयोध्या में भगवान श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के ठीक एक महीने बाद 22 फरवरी को प्रधानमंत्री दो दिन के प्रवास पर काशी पहुंचेंगे। पीएम दो दिवसीय दौरे पर 22 व 23 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी में रहेंगे। पीएम लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से सड़क मार्ग से बीएलडब्लू पहुंचेंगे और रात्रि विश्राम करेंगे। प्रधानमंत्री की अगवानी प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व राज्यपाल आनंदीबेन पटेल करेंगी। प्रधानमंत्री 23 फरवरी को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें 10972 करोड़ रुपये की 23



योजनाओं का लोकार्पण और 3344.07 करोड़ रुपये की 13 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। पीएम मुख्य रूप से 23 फरवरी को तीन कार्यक्रम भाग लेंगे। सुबह बीएचयू के स्वतंत्रता भवन के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। संत शिरोमणि रविदास के जन्मस्थली सीर गोवर्धन स्थित मंदिर में जाकर मत्था टेकेंगे। इसके बाद पीएम बनास काशी संकुल का औद्योगिक क्षेत्र करखियांव में उद्घाटन करेंगे। पीएम यहां जनसभा को सम्बोधित करेंगे। काशी से सत्ता के शीर्ष पर पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी से 2024 लोकसभा चुनाव का शंखनाद करेंगे। प्रधानमंत्री अपने वाराणसी दौरे में स्वास्थ्य शिक्षा, परिवहन, जलमार्ग, खेल, धर्म,अध्यात्म आदि क्षेत्रों से जुड़ी योजनाओं और रोजगार परक प्रोजेक्ट का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे।

सौगात

**8 प्रधानमंत्री 23 को पूर्वांचल को 14316.07 करोड़ रुपये की 36 परियोजनाओं की सौगात देंगे**

## आदि कैलाश की राह होगी आसान, पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा



**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**

**प्रधानमंत्री** की परिकल्पना के अनुरूप उत्तराखंड पर्यटन विभाग की ओर से पिथौरागढ़ जिले के धारचूला क्षेत्र में आदि कैलाश, ओम पर्वत, पार्वती सरोवर पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए जल्द हेली सेवा प्रारंभ की जाएगी। वहीं पर्यटकों को आदि कैलाश एवं ओम पर्वत के दर्शन जौलिंगकौंग एवं नाबीढांग से कराए जाने की योजना है। इससे धार्मिक यात्रा के साथ पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा ही, पर्यटकों की संख्या बढ़ने से रोजगार के द्वार भी खुलेंगे। हेली सेवाएं प्रारंभिक रूप से छह माह के लिए संचालित किए जाने का प्रस्ताव है। छह माह के उपरांत व्यापक परीक्षण कर पर्यटकों के लिए नियमित रूप से संचालित किया जा सकेगा। मुख्य सचिव ने पर्यटन विभाग को आदि कैलाश क्षेत्र में पर्यटकों के लिए मूलभूत सुविधाएं विकसित करने की कार्ययोजना पर गंभीरता और तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

**सुविधाओं और कनेक्टिविटी को मजबूत करने को मुख्य सचिव ने दिए आवश्यक निर्देश:** मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में बुधवार को आदि कैलाश की यात्रा पर आने वाले पर्यटकों के लिए सुविधाओं और कनेक्टिविटी को मजबूत करने को लेकर पर्यटन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की प्रगति परखी। साथ ही पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

**सर्दियों में व्यवसाय न होने से आजीविका के लिए** पलायन करते हैं स्थानीय नागरिक: मुख्य सचिव ने कहा कि विषम मौसम एवं उच्च हिमालयी क्षेत्रों के अत्यधिक ठंड के कारण सर्दियों में छह माह तक यहां के नागरिकों के पास कोई व्यवसाय न होने के कारण उन्हें मजबूरन निचले क्षेत्रों में आजीविका के लिए पलायन करना पड़ता है।

## बात-बात में चुनाव चुनाव क्या मजाक है: तेजस्वी

**टीम एक्शन इंडिया/बेतिया**

**बिहार के पूर्व** उप मुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव इन दिनों जन विश्वास यात्रा पर निकले हुए है। पश्चिमी चंपारण के बेतिया में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा पर चुन-चुन कर निशाना साधा। विधानसभा भंग कर लोकसभा और विधानसभा चुनावों के साथ कराने की मुख्यमंत्री की मंशा पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी यादव ने कहा, 'वो विधानसभा भंग करके लोकसभा और विधानसभा का चुनाव एक



साथ कराना चाहते हैं। बात-बात में चुनाव... चुनाव क्या मजाक है। पांच साल के लिए चुनाव हुआ है, पांच साल सरकार चलनी चाहिए। मैं चुनौती देता हूं, अगर विधानसभा भंग हुई तो दोनों को हराएंगे।"

**जदयू-भाजपा, दोनों का होगा सफाया:** तेजस्वी यादव ने आगे कहा, "उन्हें को लगता है कि गरीब-गुरबा उनके झांसे में आ जाएंगे। लेकिन, ऐसा होगा नहीं, एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव में जदयू के साथ भाजपा का भी सफाया हो जाएगा। ये भगवान जी की बात करते हैं, वे भी तभी खुश होंगे, जब जनता खुश रहेगी। हिंदू-मुसलमान की राजनीतिक करने वालों को सबक सिखाना है।"

**17 महीनों की उपलब्धियों को गिनाया:** 17 महीने के अपने कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाते हुए तेजस्वी यादव ने कहा, "2020 के चुनाव में युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। मात्र 17 माह सरकार में रहे और दस लाख युवाओं को नौकरी दी। वह भी बगैर पेपर लीक किए। जबकि इससे पूर्व बिहार में कोई भी परीक्षा होती थी तो पेपर लीक जरुर होता था।

## एमएसपी पर सभी फसलों का गारंटी कानून लागू करना चाहिए: टेकराम

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

**सर्वजातीय खाप** पंचायत के राष्ट्रीय संयोजक व भारतीय किसान मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष टेकराम कंडेला ने बुधवार को कहा कि किसानों व अन्य सामाजिक मुद्दों को लेकर सर्वखाप व जनकल्याण मंच व किसान संगठनों के पदाधिकारी व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्यों की बैठक 24 फरवरी को गांव कंडेला के राष्ट्रीय मुख्यालय पर बुलाई गई है।

जिसमें देश में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर चल रहे आंदोलन के विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को एमएसपी पर सभी फसलों का गारंटी कानून व स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करना व किसानों के सभी कर्ज माफ करने चाहिए। उन्होंने किसान नेताओं से अपील की कि शांतिपूर्वक तरीके से अपना आंदोलन चलाएं, जिसका लोकतंत्र में भी अधिकार है। कंडेला ने कहा कि अगर सरकार के द्वारा किसानों को दबाने की कोशिश की तो सर्वखाप व जनकल्याण मंच व किस संगठन पूरी तरह से किसानों के समर्थन में रहेंगे।

## यूपी बोर्ड परीक्षा: गड़बड़ी व मिलीभगत पर होगी एफआईआर

**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**

यूपी बोर्ड परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी और मिलीभगत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और जेल भी भेजा जाएगा। 22 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षा 12 कार्य दिवसों में पूरी होकर 9 मार्च को समाप्त हो जाएगी। लखनऊ में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने प्रेसवार्ता की और तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रीक्षा समाप्त होने से पहले पेपर सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कड़ी कार्यवाई की जाएगी। वहीं, भ्रामक खबरों की जानकारी व सच का पता लगाने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का भी गठन किया गया है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए 8,265 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 15,71,184 छात्र तथा 13,76,127 छात्राएं (कुल-29,47,311) एवं इण्टरमीडिएट के 14,28,323 छात्र तथा 11,49,676 छात्राएं (कुल-25,77,997) सम्मिलित होंगे। कुल 55,25,308 परीक्षार्थियों में से 53,60,745 संस्थागत एवं 164563 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। नकल पर प्रभावी रोकथाम के कारण वर्ष 2024 में 1,64,563 छात्र/छात्राएं व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में पंजीकृत हुए हैं जबकि 2017 में यह संख्या 3,53,106 थी।

जनसभा

### मैं मुख्यसेवक के रूप में प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए समर्पित हूँ: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 'बहन- बेटियों के कल्याण के लिए जारी कोई योजना बंद नहीं होगी'

**टीम एक्शन इंडिया/भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहन-बेटियों के कल्याण के लिए जारी कोई योजना बंद नहीं होगी। लाड़ली बहना योजना में मार्च माह की किस्त पहली तारीख को बहनों के खाते में जारी कर दी जाएगी। मैं अपने आपको मुख्यमंत्री नहीं, जनता का मुख्य सेवक मानता हूँ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के प्रधानसेवक हैं और मैं मुख्यसेवक के रूप में प्रदेश के विकास और जनकल्याण को समर्पित हूँ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को बालाघाट में रोड-शो के बाद



जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 650 करोड़ रुपये लागत की हिंदुस्तान ग्रीन एनर्जी लिमिटेड और हिन्दुस्तान टेप्स प्राइवेट लिमिटेड औद्योगिक इकाइयों का भूमिपूजन तथा बालाघाट जिले के 761 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किए। कार्यक्रम में सासंद ढाल सिंह बिसेन, पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन और रामकिशोर कांवरे एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने उपस्थित जनसमुदाय को माताओं- बहनों का सम्मान-गरीबों की सेवा करने और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध रहने का संकल्प दिलवाया। उन्होंने हितग्राहियों से संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन की सरकार तेज गति से विकास को समर्पित है, इसी का प्रमाण है कि बड़ी संभावना वाले बालाघाट जिले में अनेक विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है। उन्होंने विकास की इस प्रक्रिया में बालाघाट वासियों से सहयोगी बनने का आव्हान किया।

विकास कार्य

**8 लाड़ली बहना योजना में मार्च माह की किस्त पहली तारीख को बहनों के खाते में जारी कर दी जाएगी**